दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 108 जयपुर, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी में किया 3 से 10% तक का इजाफा... 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

# चुनाव से पहले सरकार ने खोला खजाना... बढ़ाई मनरेगा की मजदूरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को बड़ा तोहफा दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा ऐलान करते हुए सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में 3 से 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया है। इस संबंध में गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2023-25 के लिए मजदूरी की दर



में ये बढ़ोतरी 1 अप्रैल, 2024 से लागू होगी। सरकारी नोटिफिकेशन पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मजदूरी दर में सबसे कम 3 प्रतिशत का इजाफा किया गया है, जबकि गोवा में सबसे ज्यादा 10.6 फीसदी मजदूरी दर बढ़ाई गई है। गोवा में जहां मजदूरी की दर में 34 रुपए प्रति दिन की बढ़ोतरी की गई है तो वहीं उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 7 रुपए प्रति दिन मजदूरी बढ़ाई गई है।

### 2005 में की गई थी शुरुआत

मनरेगा प्रोग्राम की शुरुआत साल 2005 में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी। ये रोजगार गारंटी योजना हैं और इसके तहत सरकार ने एक न्यूनतम वेतन तय करती है, जिस पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काम पर रखा जाता है। इसमें तालाब, गड्ढे खोदने से नालियां बनाने तक के काम शामिल होते हैं। इसमें सालभर में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है।

### गोवा में सबसे ज्यादा वृद्धि

गोवा में सबसे ज्यादा 10.56% की अधिकतम वृद्धि की गई है, जबकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 3.04% की सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई है। अधिसूचना के अनुसार, मनरेगा मजदूरी की उच्चतम दर (374 रुपए प्रति दिन) हरियाणा के लिए तय की गई है, जबकि सबसे कम (234 रुपए प्रति दिन) अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में है। गोवा में पहले 344 रुपए मिलते थे, जो अब बढ़कर 356 रुपए हो गए हैं।

### बजट के दौरान किया था ऐलान

बीते 1 फरवरी 2024 को संसद में पेश किए गए नरेंद्र मोदी सरकार के अंतरिम बजट के दौरान सरकार ने मनरेगा का बजट को बढ़ाने का ऐलान किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण के दौरान कहा था, कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा बजट अनुमान को बढ़ाकर 86,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है, इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा का बजट अनुमान 60,000 करोड़ रुपए था।

### राजस्थान-यूपी-केरल और उत्तराखंड में हुई कम बढ़ोतरी

राजस्थान, केरल, यूपी और उत्तराखंड राज्यों में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान में अभी 255 रुपए मिलते हैं तो बढ़कर 266 रुपए हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश में अभी 230 रुपए मिलते हैं तो अब 237 रुपए हो जाएंगे। इसी तरह कर्नाटक में 316 से बढ़कर 349 रुपए, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 272 से बढ़कर 300 रुपए, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 221 से बढ़कर 243 रुपए मजदूरी कर दी गई है।

## जरूरी खबर

### शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए अभिनेता गोविंदा



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता गोविंदा एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं। पार्टी में शामिल होने के बाद फिल्म अभिनेता ने एकनाथ शिंदे का धन्यवाद देते हुए कहा कि 2009 में राजनीति से बाहर निकला था तो सोचा नही था कि वापस आऊंगा, लेकिन अब एकनाथ शिंदे की पार्टी में आया हूं। फिल्म अभिनेता गोविंदा ने कहा कि मेरा 14 साल का वनवास खत्म हुआ है। फिल्म अभिनेता गोविंदा ने कहा कि अगर पार्टी में आर्ट और कल्चर का काम मिले तो मैं जरूर करूंगा। चुनाव लड़ने पर गोविंदा ने कहा कि ये हमारे सीएम तय करेंगे।

### शामली में बेकाबू ट्रक ने 15 लोगों को रौंदा, 2 की मौत



**शामली।** थानाभवन कस्बे के शामली बस स्टैंड पर गुरुवार दोपहर को अनियंत्रित हुए ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत 14 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से जाम लगा रहा। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस: कल 10 जिलों में बारिश का अलर्ट

# आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में गुरुवार शाम से एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार व शनिवार को प्रदेश में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। तेज हवाओं के कारण तापमान में भी कमी आ सकती है। तापमान कम होने से तेज गर्मी से निजात मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के 12 जिलों में दो दिन आंधी-बारिश के साथ बिजली चमक सकती है। इस सिस्टम के असर से दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस सिस्टम का असर बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में रहेगा। सर्वाधिक असर 30 मार्च को रहेगा। 30 मार्च को 10 जिलों में मेघगर्जना के साथ बारिश की संभावना जताई है। 29 मार्च को अलवर, झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, नागौर और श्रीगंगानगर में 30 से 40 किमी स्पीड तक जमीन स्तर पर तेज हवा चल सकती है। इसके साथ ही कहीं-कहीं ओले गिरने के साथ बारिश हो सकती है। 30 मार्च को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, करौली, झुंझुनूं, धौलपुर, दौसा, भरतपुर और अलवर जिले में बारिश की संभावना है। इधर, प्रदेश के पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तेज गर्मी रही।

राजधानी जयपुर में बढ़ते पारे से गर्मी का असर देखा गया। गुरुवार को जयपुर का तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दिनभर मौसम साफ रहा, लेकिन तेज धूप ने लोगों के पसीने छुडाए। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को इस सीजन का जयपुर में सबसे गर्म दिन रहा। जयपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। जयपुर के अलावा अजमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली में भी रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

### राजधानी जयपुर में पारा 39.1 डिग्री सेल्सियस



**प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 39.4 | 25.3 |
| बाड़मेर | 40.4 | 25.6 |
| बीकानेर | 40.2 | 22 |
| चूरू | 38.6 | 21.7 |
| जयपुर | 39.1 | 26.7 |
| जैसलमेर | 40.7 | 23 |
| जोधपुर | 39.9 | 25.1 |
| कोटा | 40.8 | 24 |
| गंगानगर | 34.8 | 19.4 |
| उदयपुर | 38.4 | 22 |
| अलवर | 37.4 | 20.2 |
| पिलानी | 37 | 19.6 |
| सीकर | 38 | 21 |
| चित्तौड़गढ़ | 38.1 | 20.6 |
| धौलपुर | 38.2 | 21.3 |
| बारां | 42.2 | 20.3 |
| करौली | 38.3 | 20.1 |
| हनुमानगढ़ | 33 | 16.9 |
| जालौर | 39.7 | 25.1 |

## राजस्थान रॉयल्स की लगातार दूसरी जीत



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। पेज 9 भी देखें

### लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन का काम पूरा

# कांग्रेस-भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर तेज हुई कवायद

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन का कार्य पूरा हो चुका है। अब देश की दोनों प्रमुख पार्टी कांग्रेस व भाजपा अपने अपने घोषणा पत्र के लिए जुट गई है। भाजपा ने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। वहीं, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में देश में युवाओं को रोजगार, महिलाओं को प्रतिवर्ष भत्ता दिए जाने व किसानों के लिए नई योजनाओं को लागू करने की बात कही है। कांग्रेस का 6 अप्रैल को राजधानी जयपुर से घोषणा पत्र जारी होगा। भाजपा भी अगले सप्ताह तक अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।



### जयपुर में लॉन्च होगा कांग्रेस का घोषणा पत्र

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बार राजस्थान के जयपुर से लॉन्च होगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी 6 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लॉन्च करेंगे। तीनों नेता जयपुर में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। इस लोकसभा चुनाव में सोनिया, राहुल और खड़गे की यह पहली चुनावी सभा होगी। कांग्रेस वॉर रूम में सोनिया गांधी की सभा की तैयारियों को पीपीसी में अहम बैठक हुई।

### BJP का 2047 तक देश को विकसित बनाने पर जोर

भाजपा अपने संकल्प पत्र में इस बार महिलाओं, गरीबों, युवाओं व किसानों पर फोकस किया गया है। भाजपा का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की योजना पर आधारित होगा। 19 अप्रैल के पहले चरण के मतदान से पूर्व किसी भी समय भाजपा अपने संकल्प पत्र को जारी कर सकती है। देश में आमजन को ज्यादा ज्यादा सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए पार्टी अपने संकल्प पत्र को तैयार करने में जुटी है।

# गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत

**एजेंसी** | बांदा

उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। गुरुवार देर शाम तबीयत बिगड़ने पर उसे बांदा जेल से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि



शाम को मुख्तार अपनी बैरेक में अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़ा। दावा किया जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया है। दूसरी ओर, जेल डीजी एसएन साबत ने कहा कि मुख्तार इन दिनों रोजा रख रहा है, इसी के चलते गुरुवार को उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। मुख्तार का नाम पिछले साल उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से जारी की गई 66 गैंगस्टर्स की लिस्ट में शामिल था। गैंगस्टर से राजनीति में आए मुख्तार की मौत के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मऊ, गाजीपुर समेत करीब तीन से चार जिलों में सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं।

### अदालत का फैसला

# 28 साल पुराने NDPS केस में पूर्व IPS संजीव भट्ट को 20 साल की जेल

- पालनपुर कोर्ट ने गुजरात के पूर्व आईपीएस को सुनाई सजा
- वकील को फंसाने के लिए मादक पदार्थ रखने का था केस
- गुजरात दंगों में मोदी के शामिल होने का भी लगाया था आरोप

**एजेंसी** | पालनपुर

गुजरात के पूर्व आईपीएस अफसर संजीव भट्ट को अदालत ने गुरुवार को 20 साल की सजा सुनाई। गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर कोर्ट ने बुधवार को उन्हें 1996 के कथित ड्रग प्लांटिंग केस में अपराधों के लिए दोषी ठहराया था।

संजीव भट्ट पर वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स प्लांट करने का आरोप था। संजीव भट्ट ने 2011 में गुजरात दंगों में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का आरोप भी लगाया



था। हालांकि, बाद में उनका दावा गलत साबित हुआ।

रिपोर्ट के मुताबिक, संजीव भट्ट को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट की धारा 21(सी), 27ए (अवैध तस्करी के वित्तपोषण और अपराधियों को शरण देने के लिए सजा), 29 (एनडीपीएस एक्ट के तहत क्राइम के लिए उकसाना और आपराधिक साजिश), 58(1) और (2) (तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी) में दोषी माना गया है। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 465 (जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज तैयार करने), 167 (चोट पहुंचाने के इरादे से लोक सेवक द्वारा गलत दस्तावेज तैयार करना), 204 (किसी दस्तावेज को छिपाना या नष्ट करना), 343 (गलत तरीके से दस्तावेज़ बनाना), 120 बी (आपराधिक साजिश) और दफा 34 के मामले में दोषी ठहराया गया है।

### उम्रकैद की सजा काट रहे हैं भट्ट

संजीव भट्ट इन दिनों उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। 1990 के कस्टोडियल डेथ केस में भट्ट और एक अन्य पुलिस अफसर प्रवीण सिंह जाला दोषी पाए गए थे। कोर्ट ने दोनों को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई थी। संजीव भट्ट 1990 में जामनगर में एएसपी के पद पर तैनात थे। तब उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा के दौरान दंगा केस में 150 लोगों को हिरासत में लिया था। इन्हीं में से एक आरोपी की कथित टॉर्चर के बाद अस्पताल में मौत हो गई थी।

### क्या है पूरा मामला

संजीव भट्ट 1996 में जिला पुलिस अधीक्षक थे। यह केस राजस्थान के वकील सुमेर सिंह राजपुरोहित से जुड़ा है। तब 1996 में पालनपुर के होटल में 1.15 किलोग्राम अफीम रखने के आरोप में वकील को गिरफ्तार किया गया था। वकील ने दावा किया था कि उन्हें झूठे आरोप में फंसाने के लिए ड्रग्स प्लांट की गई है।

## जरूरी खबर

### जयपुर में 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद



**बेधड़क. जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को 21 लाख 84 हजार 978 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 11 लाख 45 हजार 437 पुरुष एवं 10 लाख 39 हजार 533 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 8 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसके बाद जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को 22 लाख 87 हजार 350 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल पर लगाया प्रतिबंध

**बेधड़क. जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान देशभर में सभी लोकसभा छेत्रों में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना अथवा अन्य किसी तरीके से प्रचार-प्रसार करने पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी ओपिनियन पोल या किसी अन्य प्रकार के मतदान सर्वेक्षण के परिणामों पर रोक रहेगी।

### मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश



**बेधड़क.जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने कहा कि 19 अप्रैल को जयपुर लोकसभा क्षेत्र में समाहित हवामहल, विद्याधर नगर, सिविल लाइन, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरू विधानसभा क्षेत्रों में सहित ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। वहीं अजमेर लोकसभा क्षेत्र के दूदू में 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर अवकाश रहेगा।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस** शुभ्रा सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# मम्पस रोग को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट, गाइडलाइन जारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में तेजी से पांव पसार रहे मम्पस संक्रामक रोग को रोकने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है।

विभाग ने सतर्कता बरतते हुए बच्चों व व्यस्कों में होने वाले मम्पस संक्रामक रोग के प्रसार पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए गाइडलाइन जारी की है।

दरअसल वर्तमान में कुछ क्षेत्रों में मम्पस रोग के कुछ केसेज सामने आए हैं। इनमें गले में दर्द, सूजन व अन्य शारीरिक कमजोरी के लक्षणों वाले इस रोग पर यथासमय नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने यह गाइडलाइन जारी की है।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को गाइडलाइन के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि मम्पस एक संक्रामक रोग है जो कि संक्रमित व्यक्ति द्वारा खांसने अथवा छींकते अथवा लार के माध्यम से दूसरे




स्वस्थ व्यक्ति तक आसानी से फैलता है। इसके नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए मम्पस संक्रमण के लक्षणों की पहचान, बचाव व शीघ्र चिकित्सकीय उपचार-परामर्श आवश्यक है।

### उचित दूरी रखनी आवश्यक

मम्पस संक्रमण के मुख्य लक्षणों में गले में लार ग्रंथि में 1 से 3 दिनों तक दर्द, सूजन साथ ही मांसपेशियों में दर्द व सूजन एवं भूख में कमी शामिल हैं। इन लक्षणों के महसूस होते ही रोगी को तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में उपचार-परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डॉ. रवि ने बताया कि मम्पस संक्रमण से बचाव के लिए एक स्वस्थ व्यक्ति को ऐसे लक्षणों वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाए रखना आवश्यक है।

### दो से तीन सप्ताह में दिखते हैं लक्षण

मम्पस रोग संक्रमण के लक्षण रोगी के सम्पर्क में आने के बाद 2 से 3 सप्ताह में प्रकट होते हैं एवं 10 से 14 दिनों तक रोगी को प्रभावित करते हैं। उन्होंने बताया कि इस रोग के होने पर रोगी में अंडकोष, स्तन, मस्तिष्क, अंडाशय, अग्नाश्य, रीढ़ की हड्डी में सूजन हो सकती है। साथ ही, असाधारण स्थितियों में कुछ दुर्लभ केसेज में बहरापन की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने मम्पस संक्रमण से ग्रसित व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों से दूरी बनाये रखने एवं घर पर विश्राम करने की अपील की है।

**बागियों-निर्दलीयों को मनाने का दौर शुरू,** 30 तक होंगे नाम वापस

# 124 प्रत्याशियों के 166 नामांकन सही, सात के तेरह फॉर्म किए रद्द

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत प्रथम चरण के 12 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों से प्राप्त नामांकन पत्रों की गुरुवार को संवीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संवीक्षा के दौरान 124 प्रत्याशियों के 166 नामांकन विधिमान्य पाए गए। 7 प्रत्याशियों के 13 नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान के लिए 30 मार्च नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है। 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी। इधर, पार्टी प्रत्याशियों की ओर से निर्दलीयों और बागियों को मनाने का दौर भी चलता रहा ताकि नामांकन पत्र उठवाकर चुनाव में फायदा लिया जा सके। जयपुर जिले में 2 प्रत्याशी ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से 2 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए हैं। अब इस लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 15 प्रत्याशी हैं। प्रथम चरण के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। इसके चलते अब पार्टियों में बागियों की मान-मनोव्वल का दौर शुरू हो चुका है। जहां से किसी पार्टी के नाराज उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा है वहां उनकी मनुहार वरिष्ठ नेताओं की ओर से की जा रही है, ताकि पार्टी को किसी प्रकार का नुकसान नहीं उठाना पड़े। भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां भी नाराज उम्मीदवारों को मनाने में जुट गई हैं।



| लोकसभा क्षेत्रवार | प्रत्याशी |
|---|---|
| गंगानगर | 9 |
| बीकानेर | 9 |
| चूरू | 14 |
| झुंझुनूं | 8 |
| सीकर | 16 |
| जयपुर ग्रामीण | 17 |
| जयपुर | 14 |
| अलवर | 10 |
| भरतपुर | 6 |
| करौली- धौलपुर | 4 |
| दौसा | 7 |
| नागौर | 10 |

### दूसरे चरण के पहले दिन 7 प्रत्याशियों ने भरे 13 नामांकन

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत दूसरे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए गुरुवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन 6 लोकसभा क्षेत्रों में 7 प्रत्याशियों द्वारा 13 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। 7 लोकसभा क्षेत्रों में कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। द्वितीय चरण के लिए बाडमेर लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 2 प्रत्याशियों ने 5 नामांकन प्रस्तुत किए हैं। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से अब तक 1 प्रत्याशी ने 4 नामांकन प्रस्तुत किए हैं। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी एवं निर्दलीय प्रत्याशी हरपाल सिंह राजपुरोहित, जालोर से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र के चौधरी, उदयपुर से भाजपा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत, चित्तौडगढ से पहचान पीपल्स पार्टी के मोहम्मद वाहिद खान, भीलवाड़ा से राइट टू रिकॉल पार्टी के पवन कुमार शर्मा एवं कोटा से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी तरूण गोचर ने नामांकन दाखिल किया।

### 26 अप्रैल को होगा मतदान

दूसरे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान की अवधि सुबह 7 बजे से 6 बजे तक रहेगी। 4 अप्रैल तक नामांकन किए जा सकेंगे। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी।

**जनसभा की तैयारियों** को लेकर बैठक

# कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार-प्रचार को लेकर हुई चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं 6 अप्रैल को जयपुर में होने वाली जनसभा की तैयारियों को गुरुवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम में जयपुर शहर, जयपुर देहात, सीकर, अजमेर, दौसा, अलवर के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष की बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने ली।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने उपस्थित कांग्रेस नेताओं से उनके निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावों की तैयारियों पर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि समीक्षा बैठक में 6 लोकसभा क्षेत्रों के जिलाध्यक्ष, विधायक, विधायक प्रत्याशियों को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक में आमंत्रित किया गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने लोकसभावार चुनाव की तैयारियों के लिए सभी क्षेत्रीय जनप्रनिधियों से क्षेत्र में की जा रही तैयारियों पर चर्चा करने के साथ ही कैम्पेन के मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 6 अप्रेल को जयपुर में प्रस्तावित जनसभा जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

**भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय में** बैठक आयोजित

# चुनावी समर को लेकर रणनीति तय

**बेधड़क** | जयपुर

सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के प्रधान चुनाव कार्यालय में चुनावी रण की समीक्षा सभा का आयोजन किया गया।

सभा में सिविल लाइंस विधान सभा क्षेत्र के चारों मंडल के प्रमुख भी मौजूद रहे। सभा का नेतृत्व सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और जयपुर शहर से प्रत्याशी मंजू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति पर मंथन हुआ। सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए 400 पार का नारा बुलंद किया गया। बैठक को संबोधित



करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कांग्रेस उम्मीदवार की नींद उड़ी हुई है। उन्होंने विधानसभा में इतनी बुरी हार देखी है कि उन्होंने अपना पूरा नाम लिखना छोड़ दिया। सिविल लाइंस भाजपा की पांडव सेना लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की कौरव सेना को मात देने के लिए कमर कस चुकी है। विधायक गोपाल शर्मा ने दिवंगत भाजपा नेता भंवरलाल शर्मा को याद करते हुए कहा कि जयपुर की हर गली में भाजपा को पहुंचाने का काम किसी व्यक्ति ने किया है तो वे भंवरलाल शर्मा थे। आज उनकी बेटी मंजू शर्मा चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी बहन को सर्वाधिक वोट से जीत दिलाकर होली और नव संवत्सर पर तोहफा देंगे।

**पीएम पर विवादित टिप्पणी को लेकर** विधायक धनखड़ ने कहा...

# कांग्रेस की चुनाव आयोग में करेंगे शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सह-संयोजक एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा है कि कांग्रेस के नेताओं को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा बोलने और टिप्पणी करने से बाज आना चाहिए।



उन्होने कहा कि अजमेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिसके खिलाफ हम चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराएंगे। धनखड़ गुरुवार को प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में इस कदर हताशा और निराशा है कि आए दिन भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग करते हैं। देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। धनखड़ ने कहा कि पूर्व में भी संवैधानिक पद पर बैठे उपराष्ट्रपति के खिलाफ टीएमसी के सांसद ने अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसका कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने विड़ियो भी बनाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास खुद का कुछ नहीं है। ये लोग भाजपा नेताओं के खिलाफ टिप्पणी करने से बाज आएं और अपने नेताओं के नाम पर चुनाव लड़ें। धनखड़ ने कहा कि भाजपा की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं के प्रवास तय किए गए हैं। धनखड़ ने कहा कि विधानसभा चुनावों में मिली हार से बौखलाए कांग्रेस के नेता लोकसभा चुनाव में मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। प्रदेश की जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार से खुश है और इस बार प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर हैट्रिक लगेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर देश की जनता यकीन करेगी और अबकी बार 400 पार का नारा साकार होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के सफल नेतृत्व में देश में नए आयाम स्थापित हुए हैं। जो काम विपक्षी दल असंभव बताते थे, उनको पीएम मोदी ने संभव कर दिखाया है। आज भारत की साख विश्वभर में बढ़ गई है और भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस साल में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा है।

**प्रमुख आवासीय आयुक्त ने किया शुभारंभ**

# बीकानेर हाउस में राजस्थान उत्सव प्रारंभ, लोक कलाकारों ने बांधा समां

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को नई दिल्ली के बीकानेर हाउस के चांदनी बाग में राजस्थान उत्सव समारोह का आगाज हुआ। इस मौके पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

राजस्थान के लोक कलाकारों ने नृत्य और गीत-संगीत से ऐसा समां बांधा कि सभी उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। राजस्थान उत्सव का शुभारंभ प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओमप्रकाश, उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीना, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रेया सिंह भदौरिया और पर्यटक स्वागत केंद्र की उप निदेशक दीपाली शर्मा भी उपस्थित थे। राजस्थान पर्यटक स्वागत केंद्र के सहायक निदेशक छतरपाल यादव ने बताया कि इस सांस्कृतिक संध्या का आरंभ अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जोधपुर के मो. रफीक और उनके साथी कलाकारों ने गणेश वंदना से किया। इसके उपरांत मोरू सपेरा और उनके दल ने प्रदेश के पारंपरिक चरी, भवई, कालबेलिया एवं घूमर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। अलवर के मशहूर कलाकार उमर फारूक ने भपंग वादन की प्रस्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उनका मन मोह लिया। कार्यक्रम के उदघोषक अलवर के खेमेन्द्र सिंह ने उत्कृष्ट रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के दिल्ली स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित राजस्थान मित्र मंडल के सदस्य तथा अन्य विशिष्ट लोग भी उपस्थित थे।




### पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का रोमांच

इस अवसर पर पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए लगभग 20 प्रतिभागियों ने विषिष्टजनों एवं आगंतुकों के समक्ष पगड़ी बांधकर दिखाई। इस प्रतियोगिता में निर्धारित जजों के पैनल की अनुशंसा पर तीन लोगों को चुना गया। इसमें केवल चंद को प्रथम, मुकेश सिंघल को द्वितीय तथा कैलाश नायक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

### बच्चों और युवाओं ने पेंटिंग में दिखाया हुनर

इससे पूर्व कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को दो समूहों मे विभाजित किया गया। जिसमें 6 से 12 वर्ष के समूह में लगभग 45 बच्चों और 12 से 18 वर्ष के समूह में 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भी निर्धारित जजों के पैनल की अनुशंसा पर तीन प्रतिभागियों को पुरस्कारों के लिए चयनित किया गया। इन सभी को पुरस्कार के रूप में गिफ्ट हैंपर प्रदान किए गए।

### शिल्प मेले में हस्त उत्पादों ने लुभाया

राजस्थान उत्सव के इस साप्ताहिक कार्यक्रम में जहां एक ओर राजस्थान ग्रामीण गैर कृषि विकास एजेंसी (रूडा) द्वारा आयोजित शिल्प मेले ने अपनी अनूठी शिल्प कृतियों से आगंतुकों को आकर्षित किया, तो दूसरी ओर पॉटर्स व्हील और ब्लॉक प्रिंटिंग वर्कशॉप ने अतिथियों को स्वयं मिट्टी की आकृतियां बनाने का रोचक अनुभव प्रदान करवाया। यहां हस्तशिल्प उत्पादों की विस्तृत्व रेंप प्रदर्शित की गई। हाथ से बने अनेक उत्पाद लोगों को खूब पसंद आए।

## जरूरी खबर

### मुकेश गोशाला सहयोग परिषद के संगठन सचिव बने



**जयपुर।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से मानसरोवर निवासी मुकेश शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा को अखिल भारतीय संगठन सचिव (क्षेत्र उत्तर भारत, केंद्र दिल्ली) के पद पर 3 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। संस्था के कार्यालय सचिव अंकित आचार्य की ओर से यह नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। इन्हें शीघ्र अपना कार्यभार अखिल भारतीय स्तर पर प्रारंभ कर संतों के माध्यम से गोशालाओं को संगठित करने के निर्देश दिए हैं। संस्था का मूल उद्देश्य संपूर्ण विश्व में गोमाता के गोबर, गोमूत्र तथा गो आधारित कृषि के माध्यम से देश की सनातन संस्कृति को मजबूत बनाना है। गौरतलब है कि मुकेश शर्मा प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग में 15 वर्ष से कार्य कर रहे हैं।

### झगड़ा करने के बहाने बैग से निकाले सोने के गहने

**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में अपनी मां और भाभी के साथ ऑटों में घर जा रही महिला के पर्स से चार लाख के गहने चुराने का मामला सामने आया है। पीड़िता नरेश कंवर ने बताया कि वह, मां और भाभी सांगानेर से ऑटो में घर जा रही थी। उसने आरोप लगाया कि ऑटो वाले ने बीच में एक अन्य महिला को भी बिठा लिया, रास्ते में महिला बिना बात ही उनसे लड़ने लग गई और उसके पर्स से चार लाख रुपए के गहने चुरा लिए। पीड़ित को घर पहुंचने पर गहने चोरी होने का पता चला। इस पर नरेश कंवर ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। परिवार के लोगों के साथ मिलकर सांगानेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सांगानेर थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में पीड़िता नरेश कंवर ने बताया कि बैग में उसके शादी में मिले गहने थे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**आईपीएल के बीच निगम ने दिया नोटिस:** पार्किंग के नाम पर मोटा पैसा वसूलने पर पार्किंग फर्म पर भी कार्रवाई

# बिना अनुमति होर्डिंग लगाए, आरसीए को चुकाने होंगे 99 लाख

बेधड़क | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को बिना अनुमति विज्ञापन मामले में 99 लाख रुपए चुकाने का नोटिस दिया है। निगम की ओर से एसोशिएसन पर आरोप लगाया गया कि आरसीए ने बिना ग्रेटर निगम की परमिशन लिए एसएमएस स्टेडियम के चारों ओर विज्ञापन और होर्डिंग लगा दिए।

वहीं, निगम ने जब विज्ञापन के भुगतान के लिए कहा तो आरसीए ने पैसा भी जमा नहीं कराया है। मामले में मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बरार ने बताया कि 99 लाख रुपए का बिल एसएमएस स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के सभी मैचों के आधार पर दिया गया है। स्टेडियम के चारों ओर विज्ञापन लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।




### मालवीय नगर जोन ने पार्किंग फर्म के संचालक को भी नोटिस दिया

साथ ही एसएमएस स्टेडियम में आईपीएल मैच का लुत्फ उठाने आ रहे क्रिकेट प्रेमियों से पार्किंग के नाम पर मोटा पैसा वसूलने वाली फर्म के खिलाफ भी ग्रेटर निगम ने कार्रवाई की है। इस संबंध में ग्रेटर निगम के मालवीय नगर जोन ने पार्किंग फर्म को नोटिस दिया है। मालवीय नगर जोन कार्यालय ने गुरुवार को पार्किंग स्थल के आस-पास लगे स्कैनर पर नोटिस भी चस्पा कर दिया। फर्म अमरूदों के बाग, अम्बेडकर सर्किल और सुबोध कॉलेज के बेसमेंट में स्थित पार्किंग स्थल पर बाइक की पार्किंग की एवज में सौ और कार की पार्किंग की एवज में तीन सौ रुपए वसूल रही थी।

### अन्य जगहों पर दोपहिया के 20 और कार के लेते हैं 40 रुपए तक

नोटिस के अनुसार दुपहिया वाहन चालकों से 100, चौपहिया से 300 रुपए और व्यावसायिक वाहनों से 400 रुपए शुल्क वसूल किया जा रहा है। इसके लिए भी निगम मुख्यालय और जोन कार्यालय से कोई स्वीकृति नहीं ली गई है। यह राजस्थान पालिका अधिनियम 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है। अनुमति नहीं लेने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जबकि अन्य जगहों पर निगम ने दुपहिया वाहन के पांच रूपए से 20 रुपए तक और कार के 30 रुपए से 40 रुपए तक लेने का ही प्रावधान है।

**सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए जारी की गाइडलाइन**

# एक अप्रैल से जरूरी होगी QR कोड आधारित सफाई व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में 1 अप्रैल से क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था अनिवार्य रूम से लागू कर दी जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई की दृष्टि से आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर ने क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था शुरू करने का नवाचार किया था। उसके बाद प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए गए थे। अब यह व्यवस्था अनिवार्य की जा रही है।

## आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर ने शुरू किया था यह नवाचार




### 5 अप्रैल तक देनी होगी पालना रिपोर्ट

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि यह व्यवस्था लागू करने के लिए मेडिकल कॉलेज जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, भरतपुर, भीलवाड़ा, सीकर, पाली, चूरू, झालावाड़ एवं आरयूएचएस जयपुर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इन सभी मेडिकल कॉलेजों को यह व्यवस्था लागू कर 5 अप्रैल तक पालना रिपोर्ट से अवगत कराना होगा।

### कर सकेंगे शिकायत

“ एक अप्रैल के बाद से क्यूआर कोड सभी अस्पताल में सुचारू रूप से लागू हो जाएगा। इससे यदि अस्पताल के किसी भी परिसर में सफाई व्यवस्था नहीं होगी तो आमजन एप से क्यूआर कोड को स्कैन कर उसकी शिकायत कर पाएंगे। इससे उसका शीघ्रता से निस्तारण हो पाएगा।

**इकबाल खान,** आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा

### हर अस्पताल में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा

खान ने बताया कि क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी सम्बद्ध अस्पतालों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। वे क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर एक तकनीकी अधिकारी या आईटी कार्मिक को भी नामित किया जाएगा, जो इस व्यवस्था में आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे एवं प्राप्त शिकायतों का संकलन करेंगे।

**आदेश पर HC की अंतरिम रोक**

# लाइसेंसी की मर्जी के बिना दुकान रिन्यू नहीं कर सकते

बेधड़क | जयपुर

हाईकोर्ट ने कहा कि लाइसेंसी की मर्जी के बिना विभाग उनकी दुकानों को तीन महीने के लिए रिन्यू नहीं कर सकता है। आचार संहिता का हवाला देकर प्रदेश में संचालित शराब की दुकानों (जिनकी अगले वित्त वर्ष के लिए बोली नहीं लगी) को अगले तीन महीने के लिए रिन्यू करने के आबकारी विभाग के आदेश पर हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए यह बात कही।

जस्टिस महेन्द्र गोयल की अदालत ने कृष्णा शर्मा व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह रोक लगाई। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि यह रोक केवल याचिकाकर्ताओं तक ही सीमित रहेगी। यह आदेश सभी लाइसेंसी दुकानदारों पर लागू नहीं होगा। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन माथुर और अधिवक्ता अचिंत्य कौशिक ने कहा कि प्रदेश में करीब 7,600 शराब की दुकानें हैं।



विभाग की साल 2024-25 की पॉलिसी के चलते करीब 4100 दुकानों की बोली नहीं छूटी हैं। याचिकाकर्ताओं की दुकानों की भी विभाग ने 4 बार बोली लगवाई, लेकिन किसी ने भी दुकान नीलामी में नहीं ली। इसके बाद विभाग ने 13 मार्च को आचार संहिता का हवाला देकर आदेश निकाल दिया कि जिन दुकानों का लाइसेंस 31 मार्च 2024 को खत्म हो रहा है।

उन दुकानों को तीन माह के लिए रिन्यू किया जाता है। इस बारे में दुकानदारों से किसी भी तरह की बातचीत नहीं की गई। जबकि याचिकाकर्ता दुकान को लाइसेंस अवधि के बाद चलाने के इच्छुक नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए विभाग के आदेश पर अगली सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है।

**महेश नगर थाना पुलिस की कार्रवाई**

# अवैध हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

महेश नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक कारतूस और मैग्जीन बरामद की है। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई के लिए थानाधिकारी कविता शर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई, जिसमें एसआई मुकेश कुमार, कान्सटेबल देवराज और दिलीप कुमार को शामिल किया गया। टीम ने इलाके में निगरानी रखते हुए गश्त के दौरान सुल्तान नगर रोड पर तीन संदिग्धों की तलाशी ली, जिसपर तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से हथियार मिलने पर नंदपुरी सोडाला निवासी देव गुर्जर, अभिषेक मीणा और महेश नगर निवासी दीपक सोनी को गिरफ्तार किया। आरोपी अभिषेक मीणा के खिलाफ विभिन्न मामलों में छह आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने में कान्सटेबल देवराज और दिलीप कुमार की विशेष भूमिका रही।



**चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर हमला**

# पहले मारपीट, फिर कार चढ़ाने की कोशिश

बेधड़क | जयपुर

ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में लोकसभा चुनावों में ड्यूटी में लगे निगरानी दल के साथ कार सवार युवकों के मारपीट करने का मामला सामने आया है। कार सवार युवकों ने चैकिंग में लगे पुलिसकर्मी और कार्यपाल मजिस्ट्रेट पर कार चढ़ाने की भी कोशिश की।

इस संबंध में जांच अधिकारी एएसआई हनुमान सहाय ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में जगह-जगह पर चैक पोस्ट बना रखी है। रात 10 बजे सिसोदिया गार्डन के पास चैक पोस्ट पर कार्यपाल मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार जैन, हेड कॉन्स्टेबल बनवारी लाल, अशोक और रामकुमार ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सफेद रंग की स्विफ्ट कार केशव विद्यापीठ जामडोली की ओर से जयपुर की ओर जा रही थी। कार को चैकिंग के लिए रोका गया। कार ड्राइवर मुकेश, सागर के साथ एक महिला और बैठी थी। सागर और मुकेश ने कार से नीचे उतरकर पुलिस टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। फिर कार लेकर भगाने लगे।



इस दौरान टीम मौके पर कार को रोकने के लिए खड़ी हुई तो बदमाशों ने उन पर भी कार चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद मौके पर मौजूद जाप्ते में नाकेबंदी भी कराई, लेकिन कोई नहीं मिला। बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जाप्ते के द्वारा बनाये गए वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन शाखा के दस्ते की बड़ी कार्रवाई**

# अतिक्रमण पर चला जेसीबी का पीला पंजा, पांच अवैध कॉलोनी ध्वस्त

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक्शन लेते हुए जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर बन रही पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही प्रवर्तन शाखा के दस्ते ने जोन-5 में नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान चलाकर सड़क सीमा से करीब 150 अतिक्रमणों थड़ी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइनबोर्ड, चबूतरे, टीनशेड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटाया है। इस संबंध में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-14 के वाटिका में करीब दो बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू रूपान्तरण कराएं अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर जोन-14 के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।




### वाटिका से बाजडोली रोड पर भी एक्शन

जोन-14 में ही वाटिका से बाजडोली रोड में करीब दो बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू-रूपांतरण कराएं बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया। वहीं, वाटिका से बाजडोली रोड पर ही तीसरी करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बन रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया। इसके अलावा खुमारिया बास रोड़ पर करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर भैरव नगर नाम की अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। जिसे भी प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

### इधर निगम के साथ चलाया अभियान

जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने नगर निगम ग्रेटर के साथ अतिक्रमण के खिलाफ सामूहिक अभियान भी चलाया। इस अभियान के तहत जोन पांच के श्याम नगर से अजमेर रोड 200 फीट बाई पास, मानसरोवर से गोपालपुरा बाई पास, रिद्धी-सिद्धी, त्रिवेणी चौराहा तक सात किलोमीटर तक फुटपाथ, रोड पर दोनों तरफ अवैध रूप से करीब 150 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमणकारियों ने थड़ी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइनबोर्ड, लोहे के ऐंगल, चबूतरे, टीनशेड टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमण कर रखे थे। इससे यातायात आवागमन में आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में जेडीए की प्रर्वतन दस्ते ने निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान का चलाया और रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## जरूरी खबर

### सांवरिया सेठ के भंडार से मिले 18.55 करोड़ रुपए



**चित्तौड़गढ़।** श्रीसांवलियाजी मंदिर में भंडार में प्राप्त दानराशि गणना का कार्य गुरुवार को पूरा हुआ। भंडार से कुल 18 करोड़ 55 लाख 86 हजार 941 रुपए प्राप्त हुए हैं। वहीं, 863 ग्राम 830 मिलीग्राम सोना तथा 99 किलो 429 ग्राम चांदी भी मिली है। भंडार दानपेटी से 14 करोड़ 19 लाख 36 हजार 110 रुपए की दान राशि नकद प्राप्त हुई। वहीं, भेंट कक्ष एवं ऑनलाइन से 4 करोड़ 36 लाख 50 हजार 831 रुपए की दान राशि मिली। भेंटकक्ष कार्यालय से सोना 303 ग्राम 830 मिलीग्राम व चांदी 82 किलो 16 ग्राम प्राप्त हुई। वहीं, भंडार से सोना 560 ग्राम व चांदी 17 किलो 413 ग्राम प्राप्त हुई। कुल 863 ग्राम 830 मिलीग्राम सोना तथा 99 किलो 429 ग्राम चांदी भी मिली है।

### दिन दहाड़े चोरों ने 2 मकानों को बनाया निशाना

**चाकसू।** कस्बे में गुरुवार को टूमली का बास गांव में दिन-दिहाड़े चोरों ने 2 मकानों को निशाना बनाया। उस समय पीड़ित परिवार खेत पर गया हुआ था। चोरों ने किसान परिवार के यहां चाचा-भतीजे के 2 मकानों को निशाना बनाते हुई लाखों रुपए के सोना-चांदी के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित बंसीलाल यादव ने बताया कि वे घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। आलमारी से सोना-चांदी के जेवरात और नकदी गायब मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### पशु आहार की दुकान में घुस 65 हजार की चोरी



**चाकसू।** कस्बे के कृषि मंडी कोटखावदा रोड स्थित पशु आहार की दुकान से एक युवक ने गल्ले में रखे 65 हजार रुपए चुरा लिए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक युवक दुकान में घुसता है और गल्ले को खोलकर उसमे रखे रुपए निकालकर फरार हो जाता है। इस संबंध में पीड़ित हनुमान प्रसाद गुप्ता ने पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक वह ग्राहक को पशु आहार का कट्टा देने के लिए सामने बने गोदाम पर गया था। पीछे से एक युवक दुकान में घुसकर गल्ले से रुपए निकाले और बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर ने विकसित किया उपकरण, हाथों हाथ मिल सकेगी जानकारी

# अब स्मार्टफोन से पता चल सकेगी शरीर में ग्लूकोज की मात्रा

**बेधड़क | जोधपुर**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने स्मार्टफोन आधारित एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे शरीर में ग्लूकोज की मात्रा का पता लगाया जा सकता है, ताकि परीक्षण परिणाम शीघ्र और आसानी से उपलब्ध किए जा सकें।

एंड्रॉइड ऐप का उपयोग करके स्मार्टफोन से एक पेपर आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण ग्लूकोज के नमूने का पता लगाने के लिए सक्षम है। इस उपकरण से जैव रासायनिक नमूनों का तुरंत आकलन कर सकते हैं।




यह उपकरण एक लैब आधारित कार्यात्मक बायोडिग्रेडेबल पेपर के साथ आता है जो मौजूद ग्लूकोज के स्तर और मात्रा के आधार पर अपना रंग बदल देता है। इसे स्मार्टफोन से जोड़कर शोधकर्ताओं ने ग्लूकोज के स्तर का पता लगाने की पूरी प्रक्रिया को और प्रभावी बना दिया है।

इस उपकरण को जनता के निजी उपयोग के लिए विकसित करने का लक्ष्य है। यह उपकरण बिना प्रयोगशाला के ऑन-द-स्पॉट ग्लूकोज परीक्षण का परिणाम बता सकेगा। जांच की वर्तमान लागत प्रयोगशाला में केवल लगभग 10 रुपए है। टीम को उम्मीद है कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के दौरान इसे और भी सस्ता बनाकर 5 रुपए तक लाया जा सकता है। यह अनुसंधान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के यात्रिक अभियांत्रिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर अंकुर गुप्ता, विनय किशनानी, निखिल कश्यप और शिवम शशांक की टीम की ओर से किया गया है।

डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि स्मार्टफोन आसानी से अन्य डिवाइस और प्लेटफ़ॉर्म्स के साथ जुड़ जाता है। स्मार्टफोन आधारित डिटेक्शन फ्रेमवर्क आपको बड़े नेटवर्क या डेटाबेस से जोड़ने में मदद करता है और आसानी से निगरानी करने, डेटा संग्रहण करने और परिणाम साझा करने की सुविधा दे सकता है।

### यूं किया तकनीक को विकसित

स्मार्टफोन ऐप विकसित करने के लिए कृत्रिम ग्लूकोज नमूनों का उपयोग करके, रंगीन नमूनों की विभिन्न छवियों को मशीन लर्निंग एप्लिकेशन से तैयार किया गया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि पीएडी से रंग की तीव्रता प्रकाश की स्थिति और स्मार्टफोन में कैमरे के प्रकार से प्रभावित नहीं हुई। इस प्रकार पीएडी को अलग-अलग कैमरा ऑप्टिक्स वाले किसी भी स्मार्टफोन से जोड़ा जा सकता है। यह शोध कार्य एसीएस प्रकाशन में प्रकाशित हो चुका है। डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि इस शोध में दूरगामी क्षमता है। यह अध्ययन दर्शाता है कि यह विकसित प्रणाली उपयोगकर्ता के लिए प्रारंभिक रोग जांच के लिए सहायक है। मशीन लर्निंग तकनीकों को शामिल करके, प्लेटफॉर्म विश्वसनीय और सटीक परिणाम प्रदान कर सकता है। इस प्रकार किसी भी बीमारी की बेहतर प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच और निदान के लिए परिणामों की सटीकता का अनुमान लगाया जा सकता है। यह तकनीक अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए सहायक सिद्ध हो सकती है।

### अन्य बीमारियों का पता लगाने में सहायक

अभी तक, भले ही यह ढांचा केवल ग्लूकोज नमूनों के लिए काम करता है। इस तकनीक को अन्य बीमारियों की जांच और निदान विश्लेषण के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। इसमें विभिन्न लक्ष्य विश्लेषणों, एंजाइमों और संकेतकों के लिए अनुकूलन की आवश्यकता होती है, जबकि मूल अवधारणा वही रहती है। खींची गई तस्वीरों को फिर मशीन लर्निंग विश्लेषण के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है, ताकि निदान संबंधी जानकारी सीधे उपयोगकर्ता के स्मार्टफोन तक पहुंच सके।

## लोकसभा चुनाव: भयमुक्त, निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन सख्त

# नकदी, नशा और अवैध सामग्री बरामद, कई जिलों में कार्रवाई

लोकसभा चुनाव में भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। जगह-जगह नाकाबंदी कर अवैध नकदी परिवहन के साथ ही नशा और अन्य अवैध सामग्री को जब्त किया जा रहा है। डीएसटी व पुलिस टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है।

### 60 लाख नकद और 35 लाख का डोडा-पोस्त जब्त

**बेधड़क | बीकानेर**

जिले में गुरुवार को दो पुलिस थानों की कार्रवाई में एक करोड़ रुपए से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की गई है। इसमें नयाशहर पुलिस ने 60 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। वहीं पूगल पुलिस ने 35 लाख रुपए का डोडा-पोस्त भी जब्त किया है। दोनों मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नयाशहर पुलिस ने दो शख्स को हिरासत में लिया है। इनके पास साठ लाख पचास हजार रुपए थे। ये रुपए इनके पास कैसे आए? इस बारे में कोई जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने आयकर विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर रुपए उनके सुपुर्द कर दिए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीओ



श्रवणदास संत ने इस कार्रवाई में मुख्य भूमिका निभाई। उधर, पुलिस ने डेढ़ क्विंटल डोडा पोस्त पकड़ा गया है। खाजूवाला सीओ सर्किल के पूगल थाना ने ये कार्रवाई की है। इसकी कीमत 35 लाख रुपए आंकी गई है। पूगल थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक स्कोर्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है। इससे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

### तीन लाख की की अवैध शराब पकड़ी, सात आरोपी गिरफ्तार



**झुंझुनूं।** जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी है। इसके साथ ही सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल व सात थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से 327 लीटर देशी, 123 लीटर अंग्रेजी व 298 लीटर बीयर जब्त की है। पुलिस ने बताया कि शराब की अनुमानित कीमत 3 लाख 6 हजार रुपए है। एसपी राजर्षि वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष अभियान के तहत अवैध ब्रांचों पर डीएसटी टीम व सुलताना, सिंघाना, मण्ड्रेला, बगड़, बुहाना, मुकुन्दगढ़ व पचेरी कलां थाना के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 7 जनों को गिरफ्तार भी किया है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### शराब से भरी कार पकड़ी, 2 तस्कर गिरफ्तार




**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने राजस्थान- गुजरात के बॉर्डर के पास मोदर मार्ग पर शराब से भरी हुई एक स्कार्पियो कार जब्त की है। पुलिस ने कार से 40 कार्टन शराब बरामद करते हुए 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी मोनिका सैन की ओर से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। इसी के तहत रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल गोविंद को मोदर के रास्ते गुजरात शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर मोदर मार्ग पर नाकेबंदी की गई। इस दौरान एक स्कोर्पियो को रोककर तलाशी ली गई तो कार में शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने गुजरात निवासी करण पुत्र नवीन भाई और कल्पेश पुत्र शांतिलाल को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, कार से शराब के 40 कार्टन बरामद किए।

## डिप्टी CM दीया कुमारी ने साधा निशाना

# कांग्रेस नेता करते आए हैं नारी शक्ति का अपमान, पीएम ने बनाया स्वावलंबी

**बेधड़क | अजमेर**

लोकसभा चुनाव में अजमेर से प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता नारी शक्ति का अपमान करते आए हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल लाकर देश की आधी आबादी को सम्मान दिया। उज्ज्वला योजना से घर-घर में गैस सिलेंडर और जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से हर घर नल से जल की व्यवस्था की है। पीएम मोदी ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं दी हैं। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया एलायंस कोई एलायंस नहीं है। तोड़ फोड़ कर इधर-उधर से लोगों को इकट्ठा किया है। कांग्रेस अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती और ना कांग्रेस के प्रत्याशी जीत के करीब हैं। इनके कई नेता या मुख्यमंत्री जेल में हैं और कई पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

दीया कुमारी ने कहा कि एक वीडियो देखा जिसमें एक कांग्रेस प्रत्याशी ने बैठक में पीएम नरेंद्र



मोदी के खिलाफ अपमानजन भाषा का उपयोग किया है। नरेंद्र मोदी देश के पीएम हैं और उनके लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि देश की जनता को भी बर्दाश्त नहीं होगा। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। वे जितना भाजपा के खिलाफ बोलते हैं उतना ही भाजपा को फायदा होता है। वे जितनी सभाएं करते हैं वहां बीजेपी को 10 सीटों का फायदा होता है। कांग्रेस ने 35ए का विरोध किया था, लिहाजा जनता कांग्रेस को 35 सीटों पर ही समेट देगी। चौधरी ने कहा कि भाजपा भारत को जोड़ती है और कांग्रेस भारत को तोड़ती आई है। देश में जाति के नाम पर बटवारा कांग्रेस ने करवाया। देश 2014 से आर्थिक रूप से 11वें पायदान पर था वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5वें पायदान पर है।

## भरतपुर-धौलपुर के जाटों ने बुलाई महापंचायत

# BJP के खिलाफ जाटों ने खोला मोर्चा

**बेधड़क | भरतपुर**

भरतपुर-धौलपुर जिले के जाटों ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जाट समाज ने गुरुवार को कुम्हा गांव में महापंचायत बुलाई। इसमें भाजपा के पक्ष में वोट नहीं करने को लेकर रणनीति बनाई गई।

दोनों जिलों के जाट केंद्र की सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने लोग गांव-गांव में छोटी-छोटी रैली निकालने के साथ पोस्टर वितरण कर लोगों को भाजपा को वोट नहीं देने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा रथ भी



तैयार किया गया है जो गांव-गांव पहुंचकर लोगों से अपील करेगा। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि भरतपुर-धौलपुर जिलों के जाटों को केंद्र के ओबीसी वर्ग में आरक्षण की मांग को लेकर उच्चैन के गांव जयचोली में करीब 40 दिन तक महापड़ाव डाला था। उस दौरान केंद्र और राज्य सरकार से वार्ता का दौर चला। ईआरसीपी धन्यवाद यात्रा के दौरान जब राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा भरतपुर दौरे पर आए तब उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से आरक्षण को लेकर नोटिफिकेशन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले जारी करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वो आश्वासन झूठा निकला और अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ।

## बदमाशों ने शराब के नशे में दिया वारदात को अंजाम

# बालिका व माता-पिता से मारपीट, मां की मौत

**बेधड़क | बीकानेर**

जिले के नोखा के रायसर गांव में बुधवार रात को खेत में बनी दुकान पर बैठी बालिका से कुछ बदमाश शराब के नशे में उलझ गए। विवाद के बाद उन्होंने बालिका के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बालिका की आवाज सुनकर माता-पिता दुकान पर पहुंचे तो शराबी युवकों ने उन पर भी हमला बोल दिया।

बीच-बचाव कर रही मां की झगड़े में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूनमाराम नायक रायसर रोड पर बने अपने खेत में रहता है। बुधवार देर रात खेत में बनी दुकान पर बेटी को बिठाकर खुद



किसी काम से ढाणी में चला गया था। उसके जाने के बाद तीन-चार बदमाश शराब के नशे में बालिका से उलझ गए और उन्होंने बालिका के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके आवाज लगाने पर खेत से उसके पिता पूनमाराम नायक और मां श्रवणी देवी (35) मौके पर पहुंची। उन्होंने बीच-बचाव की कोशिश की तो बदमाशों ने लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में श्रवणी देवी और पूनमाराम को गंभीर चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के खेतों से अन्य लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी वहां से भाग गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने श्रवणी देवी को मृत घोषित कर दिया। पूनमाराम का बागड़ी हॉस्पिटल में इलाज करवाया गया। उसके मुंह पर टांके आए हैं।

## कोटा की राजनीति में दिख रहा अलग ही नजारा

# कभी कट्टर विरोधी रहे गुंजल का धारीवाल करेंगे प्रचार, नामांकन 30 को

### नामांकन भरने से पहले गुंजल एक रैली निकालेंगे

**बेधड़क | कोटा**

राजनीति में कब किसका पासा पलट जाए ये कहा नहीं जा सकता। इसमें दोस्त को दुश्मन और दुश्मन को दोस्त बनते टाइम नहीं लगता। कोटा की राजनीति में इस बार ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिल रहा है।

कभी एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे प्रहलाद गुंजल और शांति धारीवाल अब एक खेमे में हैं। कभी भाजपा के कद्दावर नेता रहे



प्रहलाद गुंजल अब कांग्रेस के टिकट पर कोटा से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके नामांकन की तैयारियों को लेकर 29 मार्च को एक बैठक होगी, जिसे कभी गुंजल के विरोधी रहे शांति धारीवाल संबोधित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी छोड़ कांग्रेस में आए प्रहलाद गुंजल 30 मार्च को कोटा-बूंदी संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन भरने से पहले गुंजल एक रैली निकालेंगे। इस रैली की तैयारियों को लेकर एक दिन पहले होने वाली बैठक को एक-दूसरे के विरोधी रहे प्रहलाद गुंजल और शांति धारीवाल दोनों संबोधित करेंगे।

गौरतलब है कि शांति धारीवाल कांग्रेस के कद्दावर नेता है, जबकि गुंजल भाजपा में रहे हैं। गुंजल शांति धारीवाल के खिलाफ लगातार तीन चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें उन्हें पहले चुनाव में जीत मिली है, जबकि लगातार दो चुनाव में हार मिली है। इसके बाद गुंजल ने कांग्रेस जोइन कर ली और दोनों अब एक ही पार्टी के सदस्य हैं। कोटा शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने बताया कि 29 मार्च को बैठक आयोजित की गई है, जिसमें नामांकन रैली को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोटा दक्षिण, कोटा उत्तर और लाडपुरा के एरिया के कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक को पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर के विधायक शांति धारीवाल और प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल संबोधित करेंगे। इस बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, विधानसभा प्रत्याशी, ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष, महापौर, उपमहापौर, पार्षद व पार्षद प्रत्याशी भाग लेंगे।

### एक दूसरे के खिलाफ किया था प्रचार

प्रहलाद गुंजल ने चुनाव के समय भी शांति धारीवाल के खिलाफ आक्रामक प्रचार किया था। यहां तक कि रिवरफ्रंट से लेकर कोटा के विकास के मामलों में भी आरोप प्रत्यारोप का दौर दोनों की ओर से चला था। बीते 15 सालों से दोनों प्रतिद्वंद्वी के रूप में एक दूसरे के सामने खड़े थे। जब भी दोनों नेताओं को मौका मिलता तो वे एक दूसरे का विरोध जरूर करते थे। अब दोनों एक ही पार्टी के सदस्य हैं। ऐसे में एकजुटता दिखाने के लिए मीटिंग की जा रही है।

### आपसी विरोध भुलाकर एक हुए नेता

कभी एक-दूसरे के धुरविरोधी रहे प्रहलाद गुंजल और शांति धारीवाल के बीच अदावत चलती रही है, लेकिन अब गुंजल के कांग्रेस पार्टी में आने से दोनों नेताओं ने आपसी विरोध को भुला दिया है। गुंजल ने कहा कि पहले उनकी विचारधारा अलग-अलग थी, लेकिन अब एक ही पार्टी में है और विचारधारा भी एक है। शांति धारीवाल पार्टी के वरिष्ठ व सम्माननीय नेता हैं। इधर, धारीवाल ने भी गुंजल के खिलाफ विरोध को भुला दिया है। उनका कहना है कि कांग्रेस ने गुंजल को प्रत्याशी बनाया है, अब उनसे कोई विरोध उनका नहीं है।

## महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता में जुटीं देशभर की 12 टीमें

# कैंपस बना भावी वकीलों की जिरह और कानूनी दांव-पेचों का मैदान

**बेधड़क** | जयपुर

महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के कैंपस में भावी वकीलों की जिरह और कानूनी दाव पेचों का मैदान सजा। यूनिवर्सिटी के विधि संकाय की ओर से दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर से आई 12 टीमों ने भाग लिया।

इसमें प्रतिभागियों ने कानूनी चुनौतियों के विश्लेषण, मानवाधिकारों के सिद्धांत और संवैधानिक मानदंडों के बारे में मूट कोर्ट के जरिए प्रेजेंटेशन दिए। विधि स्टूडेंट्स ने कोर्ट में होने वाली प्रोसिडिंग को मूट कोर्ट में काफी बेहतर तरीके से प्रेजेंट किया एवं कोर्ट के सामने आत्मविश्वास के साथ दलील दी। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कानूनी अनुसंधान, महत्वपूर्ण विश्लेषण, प्रेरक लेखन और मौखिक वकालत कौशल को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. भारत पाराशर के संबोधन के साथ हुई। उन्होंने कानून के क्षेत्र मे हालिया प्रगति और सुधार पर व्याख्यान दिया एवं हाल ही में हुए नवाचारों की स्टूडेंट्स को जानकारी दी।





### लॉ इंटेलीजेंस के साथ दिखा उत्साह

देश के अलग अलग हिस्सों से आई लॉ स्टूडेंट्स की टीमों ने मूट कोर्ट के दौरान पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्टूडेंट्स ने परिवादी-प्रतिवादी वकील की अपनी भूमिका को तो पूरे जोश और उल्लास के साथ निभाया ही, अन्य प्रक्रियाओं में भी उत्साह के साथ शामिल हुए। स्टूडेंट्स ने प्रतियोगिता के विभिन्न सत्रों में अपनी लॉ इंटेलीजेंस को प्रदर्शित किया व अनेक प्रसिद्ध केसेज को फिर से जीवंत कर अपने पेशे के अलग-अलग पहलुओं को सार्थक किया।

## Yuva स्टोरीज

### विशेषज्ञों ने 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन' पर की चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी विभाग की ओर से 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन' विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। निर्वाण विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी विभाग की डायरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित के निर्देशन में आयोजित वर्कशॉप में रिसोर्स पर्सन के रूप में एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा के प्रो. अनिमेष सिंह और शारदा विश्वविद्यालय के प्रो. मृदुल धारवाल मौजूद रहे। प्रो.सिंह ने इस अवसर पर विभिन्न कोर्सों के करिकुलम डिजाइनिंग में कोर्स आउटकम, प्रोग्राम आउटकम पर पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा सभी फैकल्टी मेम्बर्स को इसकी बारीकियों से अवगत करवाया। इसके साथ ही नवीन शिक्षा पद्धति और शिक्षा में नवाचारों पर वैचारिक मंथन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के डीन और विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



### RU मंत्रालयिक कर्मियों ने उत्साह से मनाई होली

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविघालय मंत्रालयिक स्टाफ क्लब के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति सचिवालय के पास स्थित गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान विवि की कुलपति प्रो. कल्पना कटेजा, कुलसचिव अवधेश सिंह और विवि के वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार रामसुख जाटोलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्टाफ क्लब अध्यक्ष गोविंद सिंह व सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि लंबे समय के बाद विवि में मंत्रालयिक स्टाफ की ओर से सोहार्दपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का सर्वसम्मति से आयोजन किया गया। सभी मंत्रालयिक कर्मचारी साथियों ने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक गुलाल लगा कर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### राजस्थान बॉडी बिल्डिंग टीम का हुआ चयन



**बेधड़क** | जयपुर

गोवा में 6 अप्रैल से आयोजित होने वाली फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिकल फिटनेस के लिए राजस्थान टीम का चयन रोबस्ट जिम जयपुर पर किया गया। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि 80 किलोग्राम वर्ग में ऐश्वर्या, 85 किलोग्राम में अमित जांगिड़, 95 किलोग्राम में नीरज कुमार और मेंस फिजिक में इंदर कुमार टांक का चयन किया गया। टीम के मैनेजर राजेश यादव कोषाध्यक्ष राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन व कोच सनी जैन होंगे।

## दीपक एस पारेख को मिला जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड

# फाइनेंशियल ग्रोथ जरूरी पर एथिक्स की कीमत पर नहीं



### युवाओं के लिए अवसरों की भरमार

'विकसित भारत/ विजन इंडिया 2047, युवाओं के लिए अवसर' विषय पर पारेख ने कहा कि भारत में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी 2027-28 तक 5 ट्रिलियन डॉलर के साथ जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की टॉप-3 अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल हो जाएगा। वहीं अनुमान है कि 2030 तक देश के विकास के साथ ही स्टॉक मार्केट 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। उन्होंने 2047 तक देश के विकसित होने का विजन रखते हुए युवाओं के लिए इसमें अपार संभावनाएं बताईं। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच के साथ युवा काफी आगे बढ़ सकते हैं।

**बेधड़क** | जयपुर

बुजुर्ग और युवा दोनों के साथ समय बिताइए, आपको निश्चित तौर पर नए आइडिया मिलेंगे, अलग अलग दृष्टिकोण के लोग हमें कुछ न कुछ नया सिखाते हैं। कुछ ऐसे ही प्रेरक उद्बोधन के साथ पद्म भूषण से सम्मानित एचडीएफसी के पूर्व चेयरपर्सन दीपक एस पारेख बुधवार को जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में देशभर से आए स्टूडेंट्स, प्रोफेसर्स, वैज्ञानिक एवं बिजनेस पर्सन्स से रू-ब-रू हुए। उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिष्ठित जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से नवाजा गया। जेके समूह के संस्थापक हरि शंकर सिंघानिया की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर योगदान के लिए ख्यातनाम हस्तियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड का यह नौवां एडिशन था। इस अवॉर्ड से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी समेत अन्य नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर आरपी सिंघानिया एवं एचपी सिंघानिया के साथ जेकेएलयू के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने यह पुरस्कार प्रदान किया। पारेख ने संबोधित करते हुए कहा कि फाइनेंशियल ग्रोथ एथिकल होनी चाहिए, हमे वित्तीय लालच से होने वाले खतरे से स्वयं को सुरक्षित रखना चाहिए। यही स्थाई सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। एथिक्स को दाव पर लगाकर की गई ग्रोथ के कोई मायने नहीं होते हैं।



### इन मूल्यों पर मिलता है अवॉर्ड

जेकेएलयू लॉरेट अवार्ड विशिष्ट बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक क्षमता के व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिनका समाज के प्रति योगदान जेके समूह के मूल्यों को दर्शाता है, जिससे युवाओं को जीवन के अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ऐसे रोल मॉडल से प्रेरणा मिल सके। जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से अब तक पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. के कस्तुरीरंजन, मेघनाद देसाई, कैलाश सत्यार्थी, प्रो. रामचरण और अरुंधती भट्टाचार्य सरीखी हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है।

### एनवीएस में नॉन टीचिंग पदों पर भर्ती

**जयपुर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने नॉन टीचिंग पदों पर सीधी भर्ती निकाली है। इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार navodaya.gov.in/nvs/en/Home पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत महिला स्टाफ नर्स के 121, सहायक अनुभाग अधिकारी के 5, ऑडिट असिस्टेंट के 12, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के 4, कानूनी सहायक के 1, स्टेनोग्राफर के 23, कंप्यूटर ऑपरेटर के 2, कैटरिंग सुपरवाइजर के 78, जूनियर सचिवालय सहायक के 381, इलेक्ट्रिशियन सह प्लम्बर के 128, लैब अटेंडेंट के 161, मेस हेल्पर के 442 व एमटीएस के 19 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए योग्यता पदानुसार 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन की डिग्री, मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग में बीएससी ऑनर्स की डिग्री है। आयु सीमा 18 से 40 साल के बीच तय की गई है।

## यूजीसी ने किया फैसला

# PhD में प्रवेश के लिए अब एक ही टेस्ट



**बेधड़क** | जयपुर

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (UGC) ने घोषणा की है कि 2024-25 सेशन से PhD एडमिशन के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (NET) का स्कोर स्वीकार किया जाएगा। यह स्कोर एक साल के लिए मान्य होगा। वर्तमान में PhD कोर्सेज में दाखिले के लिए यूनिवर्सिटीज अलग-अलग एडमिशन टेस्ट आयोजित करती हैं। नई व्यवस्था से अब PhD कैंडिडेट्स को एडमिशन के लिए एक ही एग्जाम देना होगा। यूजीसी ने यह फैसला नई शिक्षा नीति-2020 के तहत लिया है। इसका सुझाव एक एक्सपर्ट कमेटी द्वारा दिया गया था। UGC-NET साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित किया जाता है। NET स्कोरकार्ड की मदद से कैंडिडेट्स जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्तियों के लिए एलिजिबिल होते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, UGC-NET क्लियर करने वाले उम्मीदवार अब तीन कैटेगरी के लिए पात्र होंगे। JRF और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए एलिजिबिलिटी के साथ PhD एडमिशन, केवल असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए एलिजिबिलिटी के साथ PhD एडमिशन व केवल PhD एडमिशन के लिए। हालांकि, PhD एडमिशन के लिए, मेरिट लिस्ट बनाने में UGC-NET स्कोर को 70 प्रतिशत और इंटरव्यू को 30 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। UGC अध्यक्ष मामिडाला जगदीश कुमार ने कहा कि NTA अगले सप्ताह प्रोसेस शुरू करने की योजना बना रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से, सभी यूनिवर्सिटी और हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर PhD कोर्सेज में एडमिशन के लिए NET स्कोर का उपयोग कर सकते हैं। UGC-NET जून 2024 का नोटिफिकेशन जल्द जारी हो सकता है।

### राविवि में छात्रों को दिए गए इंटरव्यू देने के टिप्स

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के एकेडमिक व पर्सनलिटी डेवलपमेंट के लिए लेक्चर सीरीज शुरू की गई। इसके तहत गुरुवार को मानविकी सभागार में प्रो. आरएस मेहता रिटायर्ड प्रोफेसर आईआईएम अहमदाबाद ने विद्यार्थियों को 'कॅरिकुलम विटे' के बारे में समझाया। जॉब में किस तरह इंटरव्यू दिया जाए उसके टिप्स दिए।

2 अप्रैल व 5 अप्रैल को भी अन्य विषय पर लेक्चर सीरीज का आयोजन होगा। विद्यार्थियों ने कहा कि लेक्चर सीरीज से हमें लाभ होगा साथ ही सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



## पहल | द पैलेस स्कूल में ओरिएंटेशन सेशन

# फोक आर्ट्स से सुलझाईं फाइनेंशियल गुत्थियां

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल के नए संस्करण के अंतर्गत द पैलेस स्कूल में 'फाइनेंशियल लिटरेसी एक्सप्रेस्ड थ्रू फोक आर्ट्स' विषय पर ओरिएंटेशन सेशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर के 35 स्कूलों के प्रिंसिपलों और शिक्षकों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल, भारत की समृद्ध विरासत को समकालीन शैक्षिक विषयों के साथ एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। इस आयोजन के माध्यम से लोक कलाओं की जीवंतता के साथ वित्तीय ज्ञान के सार को मिलाकर एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत हुई।



इस वर्ष फेस्टिवल की थीम, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप पारंपरिक लोक कलाओं को वित्तीय साक्षरता के महत्वपूर्ण विषय के साथ जोड़ने के लिए डिजाइन की गई है, 'मल्टी स्किल्ड लर्निंग एक्सपीरियंस' के महत्व पर जोर देती है। कार्यक्रम के दौरान, शिक्षकों को विभिन्न शैक्षिक चरणों- प्री प्राइमरी (केजी से दूसरी), प्राइमरी (तीसरी से 8वीं), सैकेंडरी और हायर सैकेंडरी (9वीं से 12वीं) में फाइनेंशियल लिटरेसी पर केंद्रित एक अस्थाई पाठ्यक्रम से परिचित कराया गया।

एनसीईआरटी, आईसीएआई, एनआईएसएम और अन्य रेगुलेटरी बॉडीज के योगदान से समृद्ध पाठ्यक्रम का उद्देश्य युवा बच्चों को आज के आर्थिक परिदृश्य की जटिलताओं से निपटने के लिए आवश्यक वित्तीय कौशल प्रदान करना है। प्रतिभागी स्कूलों के समर्थन और प्रतिष्ठित शैक्षिक निकायों के मार्गदर्शन के साथ, जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल शैक्षिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं, जो एक ऐसी पीढ़ी को बढ़ावा देगा जो वित्तीय जागरूक हो।

### युवाओं को मिलेगी बौद्धिक शक्ति

इस आयोजन पर प्रकाश डालते हुए जयपुर राजपरिवार के सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि वित्तीय साक्षरता और वित्त से संबंधित विषयों को समझाने में स्थानीय कला और पारंपरिक लोक रूपों का एकीकरण बहुत ही रोचक और अद्भुत है। इस विशेष संयोजन में युवाओं को प्रबुद्ध करने की शक्ति है, जिससे वे देश के आर्थिक विकास और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। वर्ष 2023 की थीम, 'एज्यूकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स' की सफलता को दर्शाते हुए उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल ने देश भर के कई ऐतिहासिक स्थलों को कवर करते हुए भारत की स्मारकीय विरासत के प्रति सराहना को प्रेरित किया है। इस पहल ने न केवल अनगिनत छात्रों के शैक्षिक अनुभव को समृद्ध किया है, बल्कि पारंपरिक विरासत और समकालीन शिक्षा के बीच अंतर को कम करने के लिए एनसीईआरटी को 500 स्मारकों को शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया है।

# कॉमेडी के साथ ही हर तरह की भूमिका को शिद्दत के साथ निभाया



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उत्पल दत्त की जयंती पर विशेष

> अवाम पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके लिखे और निर्देशित कई बांग्ला नाटकों ने हंगामा किया। खास तौर पर नाटक 'अंगार', 'कल्लोल' और 'बैरिकेड' काफी चर्चा में रहे। कहने को उनका नाटक 'बैरिकेड' जर्मनी के नाजी अधिग्रहण की कहानी कहता है, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर यह उन घटनाओं की ओर इशारा करता है, जो देश को इमरजेंसी की तरफ ले गईं। जाहिर है कि इस नाटक ने अपने दौर में काफी हलचल मचाई।

हिंदी पट्टी की बहुधा आबादी उत्पल दत्त को एक हास्य कलाकार के तौर पर जानती है। उन्होंने 'गोलमाल', 'चुपके चुपके', 'रंग बिरंगी', 'शौक़ीन' और 'अंगूर' जैसी फिल्मों में ज़बरदस्त कॉमेडी की। एक इंकलाबी रंगकर्मी के तौर पर वे उनसे शायद ही वाकिफ हों। जबकि एक दौर था, जब उत्पल दत्त ने अपने क्रांतिकारी रंगकर्म से सरकारों तक को हिला दिया था। अपनी क्रांतिकारी सरगर्मियों की वजह से वे आजाद हिंदुस्तान में दो बार जेल भी गए। एक दौर था,जब वे देश की सबसे बड़ी थिएटर हस्तियों में से एक थे।

आजादी के बाद उत्पल दत्त, भारतीय रंगमंच के अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने नाटककार, अभिनेता, थिएटर निर्देशक और थिएटर एक्टिविस्ट की भूमिका एक साथ निभाई। उत्पल दत्त ने प्रोसेनियम थिएटर, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक लोक नाटक और सिनेमा यानी प्रदर्शनकारी कलाओं के सभी माध्यमों में काम किया। अवाम पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके लिखे और निर्देशित कई बांग्ला नाटकों ने हंगामा किया। ख़ास तौर पर नाटक 'अंगार', 'कल्लोल' और 'बैरिकेड' काफी चर्चा में रहे। कहने को उनका नाटक 'बैरिकेड' जर्मनी के नाज़ी अधिग्रहण की कहानी कहता है, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर यह उन घटनाओं की ओर इशारा करता है, जो देश को इमरजेंसी की तरफ ले गईं। जाहिर है कि इस नाटक ने अपने दौर में काफी हलचल मचाई। उत्पल दत्त ने बंगाल के लोक नृत्य 'जात्रा' में भी अपनी हिस्सेदारी की और इस लोक कला मंच के जरिए राज्य के गांव-गांव एवं शहर-शहर तक पहुंचे। उनका पहला जात्रा 'राइफल' था, जिसका लेखन और निर्देशन उन्होंने ही किया था। साल 1968 से 1972 के दरमियान उत्पल दत्त ने सत्रह जात्रा नाटक का लेखन और निर्देशन किया। आगे चलकर ग्रामीण और अर्धशहरी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने 'विवेक जात्रा समाज' संगठन का भी गठन किया। इसके जरिए जात्रा प्रस्तुतियां दी।



उत्पल दत्त ने अपने रंगमंच कॅरिअर का आग़ाज़ विलियम शेक्सपियर के ड्रामों से की। 'ओथेलो' में अदाकारी के साथ-साथ उन्होंने शेक्सपियर के एक और नाटक 'रिचर्ड तृतीय' में राजा का किरदार किया। उनकी दमदार अदाकारी को देख जेनिफिर केंडेल के वालिदैन केंडेल दंपती जिऑफ्रे और लौरा ने उन्हें अपने चलते-फिरते थिएटर ग्रुप 'शेक्सपियराना थिएटर कंपनी' में शामिल होने का ऑफर दिया। उत्पल दत्त की तो जैसे मुंह मांगी मुराद पूरी हो गई। उन्होंने साल 1947 से लेकर 1949 और, फिर बाद में 1953-54 के दौरान भारत और पाकिस्तान के मुख़्तलिफ शहरों में इस थिएटर कंपनी के मार्फत शेक्सपियर के नाटकों को लोगों तक पहुंचाया। केंडेल दंपती के भारत से जाने के बाद, उत्पल दत्त ने ख़ुद का एक नाट्य ग्रुप 'लिटल थियेटर ग्रुप' बना लिया। इस ग्रुप के जरिए उन्होंने न सिर्फ़ शेक्सपियर के ड्रामे किए, बल्कि इब्सन, बर्नार्ड शॉ, टैगोर और गोर्की के नाटकों की अंग्रेजी प्रस्तुतियां कीं। साठ के दशक में उत्पल दत्त का झुकाव बांग्ला साहित्य की ओर हुआ। उन्होंने बांग्ला की मूल और अनूदित कृतियों के मंचन की शुरुआत की। यहां भी वे कामयाब रहे।

उत्पल दत्त ने इक्कीस साल की उम्र होने तक मार्क्स, दिदेरो, रूसो, हीगल, कांट, लेनिन, पुश्किन, दास्तोएव्स्की, ट्राट्स्की और बुख़ारिन आदि को पढ़ लिया था। उनकी मार्क्सवादी समझ सतही नहीं थी। अध्ययन के अलावा उन्हें जमीनी तजुर्बा भी था। जो उनके विचारों में झलकता था। उत्पल दत्त एक सच्चे मार्क्सवादी थे और उन्होंने अपनी राजनीतिक विचारधारा और प्रतिबद्धता को कभी नहीं छिपाया। उनका इस बारे में साफ कहना था, 'मैं तटस्थ नहीं, पक्षधर हूं। और मैं राजनीतिक संघर्ष में विश्वास करता हूं। जिस दिन मैं राजनीतिक संघर्ष बंद कर दूंगा, मैं एक कलाकार के रूप में भी मर जाऊंगा।' ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त) साल 1950-51 के दौरान उत्पल दत्त 'इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन' यानी इप्टा से जुड़े। उस वक्त वे अंग्रेज़ी जबान के नाटकों में पूरी तरह से डूबे हुए थे। शेक्सपियर और बर्नार्ड शॉ के नाटकों को करते-करते उनके मन में एकरसता का भाव पैदा हुआ। जो उन्हें इप्टा की ओर ले गया। इप्टा के महासचिव निरंजन सेन ने उत्पल दत्त से इप्टा में शामिल होने का कहा। जिसे उन्होंने ख़ुशी-ख़ुशी मंजूर कर लिया। इप्टा से जुड़ने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि 'आम अवाम ही अकेली ताकत है, जो नाट्यकर्म में जीवन का स्पंदन पैदा कर सकती है।' उस दौर में कोलकाता में इप्टा का सेंट्रल स्क्वॉड काम कर रहा था। जिसमें नुक्कड़ नाटक के जन्मदाता पानू पॉल, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन, काली बनर्जी, हेमंग विश्वास, सलिल चौधरी आदि शामिल थे। पानू पॉल के साथ उत्पल दत्त ने कई नुक्कड़ नाटक किए। उनका पहला नाटक 'चार्जशीट' (साल 1951) था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

## भारत और भूटान स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर होंगे

# सौर और जल विद्युत ऊर्जा के उपयोग



डॉ अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

> ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एंव कुछ बडे शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

आधुनिक युग में समाज और अर्थव्यवस्थाएं की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं, क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिये हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं जो स्थायी, प्रदूषण मुक्त, और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान की राजधानी थिम्पू में भूटान के प्रधानमंत्री महामहिम शेरिंग टोबगे से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, युवाओं के आदान-प्रदान, पर्यावरण एवं वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और असाधारण संबंध हैं, जिनमें सभी स्तरों पर अत्यधिक विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ शामिल है। उनकी इस बैठक से पहले, प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष, कृषि, युवा संपर्क आदि से संबंधित विभिन्न समझौता ज्ञापनों के साक्षी बने।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर उद्घाटन के बाद सौर ऊर्जा का निर्णय लिया क्योंकि ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा, सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, जो हमें एक सुरक्षित, स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए, हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।



इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पानेल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। यह विकल्प न केवल ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ाते हैं बल्कि वातावरण को भी स्वच्छ रखते हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एंव कुछ बडे शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में, भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी। ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा रिटेल विक्रेताओं के प्रशिक्षण से स्टार रेटेड उपकरणों से बचत के संबंध में उपभोक्ता-लोगों के बीच ऊर्जा कुशल उत्पादों के प्रसार में मदद मिलेगी। भारत का लक्ष्य मानक व लेबलिंग योजना को विकसित करने और लागू करने के प्रयास में भूटान का समर्थन करना है। अगर देखा जाए तो ज्यादा बिजली की खपत करने वाले होम एप्लायंसेज या कमर्शियल यूनिट्स द्वारा सबसे ज्यादा बिजली की खपत होती है। ज्यादा बिजली खपत करने वाली उपभोक्ता वस्तुओं में तेजी से वृद्धि को देखते हुए विद्युत ऊर्जा की मांग हर साल बढ़ रही है। यदि उपभोक्ता उच्च दक्षता वाले उपकरण पसंद करते हैं तो इस बढ़ती मांग को अनुकूलित किया जा सकता है। बीईई देश के स्टार-लेबलिंग कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है जिसमें अब दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले 37 उपकरण शामिल हैं।

यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह समझौता ज्ञापन ऊर्जा दक्षता नीतियों और ऊर्जा दक्षता अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के क्षेत्र में सहयोग का विश्लेषण करेगा।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से, भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है, जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है, जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार, सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

व्यंग्य

# घोषणा पत्र



संतोष दिवाकर
व्यंगकार

चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव कराए जाने की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है और राजनीतिक दलों द्वारा घोषणा पत्र जारी करने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिसे अंग्रेजी में मेनिफेस्टो कहते हैं, सब एक से मनभावन वादों की बरसात करते रहते हैं। आप सार्वजनिक रूप से किसी बात की घोषणा करते हैं तो नैतिक रूप से तो उसे पूरा करने के लिए आप बाध्य होते हैं। सामान्य जन के नाते लोग आपको कह सकते हैं कि आपने घोषणा की थी, कृपया आप अपने वचन को पूरा कीजिए। परंतु राजनीतिक दलों द्वारा जारी घोषणा पत्र इन सभी किंतु-परंतु से ऊपर हैं, वे चाहे लाख वादा कर ले, घोषणा पत्र में कुछ भी घोषणा करें, आप वादा खिलाफी का आरोप लगा सकते हैं परंतु पूरा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं।

घोषणा पत्रों के माध्यम से वादों की बरसात की जाती है, तब उपकार फिल्म का गाना याद आ जाता है- कसमे वादे प्यार वफा के, वादे हैं वादों का क्या! यह पंक्ति राजनैतिक दलों पर सटीक उतरती है; अनायास एक लोकोक्ति भी याद आती है- वचनम किं दरिद्रम। राजनैतिक दल घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करें वा ना करें लेकिन दूसरो द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्रों को बड़ा सहेज कर रखते है और समय आने पर उसकी चीड़ फाड़ की जाती है।

घोषणा पत्र नेताओं को उनके द्वारा किए गए वादों को याद दिलाने के काम आता है, साथ ही जनता भी नेताओं को याद दिलाती है कि आपने वादा किया था कि स्कूटर देंगे, लैपटॉप देंगे, साइकिल देंगे, क्या हुआ तेरा वादा! जिस तरह बजट भाषण में लोगों की निगाहें वित्त मंत्री पर लगी रहती हैं कि कौन सा चीज सस्ता होगा और कौन सा चीज महंगा होगा उसी तरह चुनावी घोषणा पत्र में लोग देखते हैं कि सरकार लोगों को क्या लॉलीपॉप देने का वादा कर रही है, कहां पुल बनेगा, कहां रेलवे लाइन बिछेगी आदि आदि!

चुनाव के दौरान जनता को घोषणा पत्र के बारे में भाषण देने के बाद जब नेता जी घर लौटे तो पत्नी बोली बाहर में जनता पर वादों की बरसात करते हो और मेरे साथ शादी के समय दिए गए सात वचन का भी पालन नहीं करते हो; तुम जानते नही शादी के सात वचन का हमारे जीवन में वही महत्व है जो प्रस्तावना का हमारे संविधान में है।

चुनाव जीतने के बाद जनता ने कहा कि आपने तो चुनाव में घोषणा की थी कि हम आपको आसमान से तारा तोड़ कर ला देंगे लेकिन आप तो फिसड्डी लाल निकले, कुछ नहीं कर रहे हैं; तो नेताजी बोले देखिए, आदमी समय का गुलाम होता है, स्थिति का गुलाम होता है। वह चुनाव की स्थिति थी, चुनाव के समय हमने जो कहा वो वक्त का तकाजा था, चुनाव के बाद परिस्थितियां बदल गई है, सामाजिक समीकरण बदल गई है, देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि हम घोषणाओं को पूरा कर सकें, इसलिए हम राष्ट्रहित में अपने घोषणा को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, इसकी घोषणा कर रहे हैं।

---

## नॉलेज कॉर्नर: साउथ चाइना सी पर कई देश जता रहे दावेदारी

# समुद्र के टुकड़े के लिए दुश्मनी क्यों कर रहा ड्रेगन


साउथ चाइना सी में चीन-फिलीपींस विवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर ने फिलीपींस के समर्थन में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत फिलीपींस का उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने को लेकर दृढ़ तरीके से समर्थन करता है। जयशंकर ने मनीला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ऐसा कहा। कुछ दिनों पहले ही चीन के तटरक्षक बल ने साउथ चाइना सी में फिलीपींस की नाव पर वाटर कैनन से हमला किया था। यहीं नहीं, चीन फिलीपींस के अलावा और भी कई देशों के साथ इलाके की दावेदारी पर संघर्ष कररहा है। इस बारे में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### कई देश कर रहे संघर्ष

साउथ चाइना सी हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच है। ये इलाका चीन, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रूनेई और फिलीपीन्स से घिरा हुआ है। इंडोनेशिया के अलावा बाकी सभी देश इलाके के किसी न किसी हिस्से को अपना कहते हैं। ऊपर-ऊपर से देखें तो यहां करीब 250 छोटे-बड़े द्वीप हैं और लगभग सभी द्वीप निर्जन हैं। इनमें से कुछ तो कई महीने पानी में डूब रहते हैं, तो कुछ अब पूरी तरह डूब चुके हैं। फिर भी इस इलाके को हासिल करने के लिए कई देश संघर्ष क्यों कर रहे हैं? ऐसा आर्थिक, सामरिक और ऐतिहासिक कारणों से हो रहा है।

### समुद्र के नीचे अरबों का खजाना

चीन के लिए समुद्र का ये टुकड़ा सिर्फ ऐतिहासिक महत्व तक सीमित नहीं है। दरअसल, आर्थिक तौर पर ये जगह अहम साबित हो सकती है। दावा किया जाता है कि इस समुद्री टुकड़े के नीचे कच्चे तेल का खजाना मिल सकता है। खजाने की सटीक मात्रा को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। हालांकि, अमेरिका का थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज कहता है कि साउथ चाइना सी के नीचे कम से कम 190 ट्रिलियन क्यूबिक फीट की नेचुरल गैस और 11 बिलियन बैरल का कच्चा तेल मौजूद है। कुछ रिपोर्ट तो 213 बैरल के बराबार का कच्चा तेल होने का दावा करती है।




**खींची नाइन डैश लाइन**

*पूरे साउथ चाइना सी पर 1939 से लेकर 1945 तक जापान का कब्जा था। लेकिन दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार के बाद चीन ने इस पर अपना कब्जा बढ़ाना शुरू कर दिया। चीन दावा करता है कि दो हजार साल पहले चीनी नाविकों और मछुआरों ने साउथ चाइना सी को सबसे पहले ढूंढा, इसे नाम दिया।*

कंटेंट: कुलदीप जादौन

---

X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान( मोदी का परिवार)
@BhajanLalBJP
जिनको कोई नही पूछता...
उनको पूजता है मोदी...



**दिया कुमारी**, उपमुख्यमंत्री
@KumariDiya
मोदी देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़े हैं



**राहुल गांधी**, मु
@RahulGandhi
मनरेगा श्रमिकों को बधाई!
प्रधानमंत्री ने आपका मेहनताना 7 रू बढ़ा दिया है। अब शायद वह आपसे पूछें 'क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का?' और 700 करोड़ खर्च कर आपके नाम पर 'धन्यवाद मोदी' का अभियान भी शुरू कर दें। जो मोदी जी की इस अपार उदारता से नाराज़ हैं, वो याद रखें - INDIA की सरकार पहले दिन हर मज़दूर का मेहनताना बढ़ाकर ₹400 प्रतिदिन करने वाली है।

**लोकसभा चुनाव 2024:** पार्टी नेताओं ने कहा-बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला

# ओडिशा में BJD को झटका, सांसद महताब सहित 3 नेता आए भाजपा में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा के सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा झटका लगा है। कटक के सांसद और बीजद के संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब और पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्रा के साथ ही पद्मश्री से सम्मानित संथाली लेखिका दमयंती बेसरा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और पार्टी की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में तीनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेताओं ने तीनों के पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया और इसे ओडिशा में 'परिवर्तन' का संकेत करार दिया। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत, विकसित ओड़िशा, पूर्वोदय और सबका साथ-सबका विकास की संकल्पना से प्रेरित होकर भाजपा परिवार में शामिल होने का इन तीनों गणमान्य व्यक्तियों का निर्णय अभिनंदनीय है। ओड़िशा में इस बार परिवर्तन तय है।




## ओडिशा में 'परिवर्तन' का दावा

कटक लोकसभा क्षेत्र से छह बार सांसद रहे माहताब ने 22 मार्च को बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। तभी से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें थीं। उनके इस्तीफा देने के कुछ ही दिन बाद बीजद ने लोकसभा चुनाव के लिए महताब का टिकट काट दिया था। कटक में महताब के स्थान पर बीजद ने संतृप्त मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा में शामिल होने के बाद महताब ने दावा किया कि ओडिशा में 'परिवर्तन' होने जा रहा है और इसका आभास राज्य का दौरा करने से होगा। उन्होंने कहा कि जीवन के पड़ाव में एक निर्णय लेना अनिवार्य हो जाता है और उन्हें लगता है कि इस समय भाजपा के साथ जुड़ने का उनका निर्णय सही साबित होगा। महताब ने कहा, "मेरा जो अनुभव है, उसके हिसाब से कह सकता हूं कि राष्ट्रवाद, एकात्मता और पूर्वोदय का मिलाप भाजपा के जरिए ही हो सकता है।

## MP में 600 लोग बीजेपी में शामिल

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस को जबरदस्त झटका लगा है। दो पूर्व विधायक और पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। उन्हें मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी में शामिल हुए राम लखन सिंह 4 बार भिंड से सांसद रहे हैं। वे बसपा के राष्ट्रीय प्रचारक भी रहे हैं। उनके अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी और अजय यादव ने भी बीजेपी का हाथ थाम लिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब से नरोत्तम मिश्रा के पास काम आया है तब से अब कोई अंचल नहीं बचा जहां से नेता बीजेपी में शामिल न हुए हों। आप सब जहां भी होंगे, वहां पार्टी आपका उपयोग करेगी। हम सबको आज से ही काम संभालना है।

## शिवसेना ने आठ सीटों पर उतारे उम्मीदवार



**मुंबई।** शिवसेना शिंदे गुट ने महाराष्ट्र की आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। शिवसेना ने जिन आठ सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है, उसमें दो सुरक्षित सीटें भी शामिल हैं। वहीं, इससे पहले आज ही दिग्गज कलाकार और पूर्व सांसद गोविंदा ने शिवसेना में शामिल हुए। मुंबई साउथ सेंट्रल से राहुल शेवाले, कोल्हापुर से संजय मांडलिक, शिरडी (अजा) से सदाशिव लोखंडे, बुलढाणा से प्रतापराव जाधव, हिंगोली से हेमन्त पाटिल, मावल से श्रीरंग बारणे, रामटेक (अजा) से राजू परवे, कंगन से धारिशिल माने को टिकट दिया गया है।

## भाजपा-आजसू के बीच सीटों पर बनी सहमति

**रांची।** देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी सरगर्मियां तेज हैं। इसी बीच, झारखंड में भाजपा और आजसू के बीच सीटों पर सहमति बन गई है। भारतीय जनता पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि बीजेपी ने आजसू के साथ पुराने और स्वाभाविक गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में बीजेपी और एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी के उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। अरुण सिंह ने लिखा, यह गठबंधन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, समर्थ भारत के संकल्प को मजबूत करेगा।

**कांग्रेस का** 'मेरे विकास का दो हिसाब' अभियान

# प्रियंका गांधी ने रोजगार, महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी कहां पीछे रहने वाली हैं। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस के मेरे विकास का दो हिसाब' अभियान के तहत भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से एक के बाद एक कई सवाल पूछे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? कांग्रेस नेता ने बेरोजगारी, महंगाई, एमएसपी, महिला सुरक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर तीखे सवाल किए। उन्होंने एक्स' पर एक पोस्ट में मेरे विकास का हिसाब दो नामक शीर्षक के साथ कई सवाल किए। उन्होंने कहा, देश के कुल बेरोजगारों में 83 फीसद युवा क्यों हैं? सालाना 2 करोड़ नौकरियां कहां हैं? देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है? प्रियंका गांधी ने किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया, लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसानों की आय दोगुनी कब होगी?

### कांग्रेस नेता ने कहा- सालाना 2 करोड़ नौकरियां कहां हैं?



### कांग्रेस का युवाओं को रोजगार देने का वादा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव में युवाओं पर खास फोकस किया है। भाई-बहन की इस जोड़ी ने युवा रोशनी पर सियासी दांव लगा दिया है। पिछले कई दिनों से राहुल और प्रियंका, युवाओं की समस्या एवं उसके निदान को लेकर काम कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा, भारत के कुल वर्कफोर्स में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 फीसदी युवा हैं। कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है। हम 'पहली नौकरी पक्की' से फ्रेशर्स को स्किल्ड वर्क फोर्स बनाएंगे। नए रोजगारों का सृजन करना होगा। हमारी 'युवा रोशनी' की गारंटी, स्टार्ट-अप्स के लिए 5000 करोड़ रुपये की मदद लेकर आ रही है।

### महंगाई पर भी पूछा सवाल

उन्होंने आगे कहा कि देश के पदों और संसाधानों में हमारे दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? महंगाई आज चरम पर क्यों है? घर चलाना मुश्किल क्यों है? आम लोग अपना परिवार क्यों नहीं चला पा रहे हैं? उन्होंने कहा, महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को संरक्षण देना कब बंद होगा?

### कांग्रेस और राजद के बीच सीटों का ऐलान आज

पटना। लोकसभा सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन बात फाइनल हो चुकी है। शुक्रवार को सीट बंटवारे का ऐलान किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जानकारी दी गई है कि राज्य कार्यालय (कर्पूरी सभागार) में महागठबंधन द्वारा शुक्रवार दोपहर सवा 12 बजे संवाददाता सम्मेलन होगा। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी घटक दल के नेता मौजूद रहेंगे। इसी सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की जाएगी। सूत्रों की मानें तो लालू प्रसाद यादव कांग्रेस को आठ से नौ सीट देने सहमति जता चुके हैं। इसके बदले में कांग्रेस झारखंड में राजद को दो सीट दे सकती है। इस तरह बिहार में कांग्रेस कटिहार, किशनगंज, भागलपुर, पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सासाराम, समस्तीपुर, सुपौल या मधेपुरा लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि, पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर खींचतान चल रही है। संभवना है कि शुक्रवार सुबह तक इस सीट को लेकर बात बन जाए। दरअसल, महागठबंधन में कुछ सीटों पर टकराव की स्थिति पिछले कुछ दिनों से बन रही है। वहीं पहले चरण की चार सीट पर राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया।

**इंडिया गठबंधन** की टेंशन बढ़ी

# बिहार में 16 सीटों पर AIMIM लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी** | पटना



असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने बिहार से 16 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बिहार में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच 16 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, एआईएमआईएम राज्य में पांच और सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। एआईएमआईएम के इस फैसले से इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।उन्होंने कहा, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन अब काराकाट, पाटलिपुत्रा, शिवहर, दरभंगा और गोपालगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी।

अख्तरुल इमान ने कहा कि हम बीजेपी के गोद में नहीं बैठे हैं बल्कि बहुत सारे दल बीजेपी के गोद में बैठे हुए हैं। वोट किसी की बपौती नहीं होती, हमारे वोट पर इन लोगों ने राज किया है। बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए नीतीश कुमार मसाल जुलूस लेकर निकले थे लेकिन अब कह रहे हैं कि मैं कहीं नहीं जाऊंगा। वहीं सिवान के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहब के चुनाव लड़ने और समर्थन की बात पर अख्तरुल इमान ने कहा कि हमें शहाबुद्दीन के साथ पूरी हमदर्दी है। अगर उनकी पत्नी निर्दलीय या हम जैसी विचारधारा वाली पार्टी के साथ चुनाव लड़ती है तो उनका समर्थन करेंगे।

### उम्मीदवारों की हुई घोषणा

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने दरभंगा, पाटलिपुत्र, किशनगंज, मधुबनी, कटिहार, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, शिवहर, पूर्णिया, अररिया, सीतामढ़ी, काराकाट, समस्तीपुर और वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट शामिल हैं। इन सीटों में से कई पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। किशनगंज सीट से खुद प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान चुनावी मैदान में उतरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, हमारी पार्टी के उम्मीदवार मजबूती के साथ चुनाव में उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे।

**भाजपा ने तैयार की** स्टार प्रचारकों की सूची

# अरुणाचल में अमित शाह-जेपी नड्डा समेत कई मंत्री करेंगे प्रचार-प्रसार

**एजेंसी** | ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, पीयूष गोयल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को शामिल किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तार तारक ने इसकी जानकारी दी है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश में पहले चरण में 19 अप्रैल को दो लोकसभा सीटों और 60 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक साथ मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तार तारक ने बताया कि अमित शाह छह अप्रैल को पश्चिम सियांग जिले के आलो में एक चुनावी रैली को संबोधित कर सकते हैं। तारक ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तारीख को अंतिम रूप दिया जाएगा और अब तक पार्टी ने राज्य में प्रचार के लिए पांच केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के नामों को मंजूरी दे दी है।





**केंद्रीय मंत्री ने** साधा विपक्ष पर निशाना

# देश को भ्रष्टाचार मुक्त चाहते हैं: गोयल

■ सिस्टम को साफ करने के लिए चल रहे प्रयासों पर जोर दिया

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भ्रष्टाचार पर विपक्ष के रुख पर निशाना साधा। इस दौरान गोयल ने कहा कि जहां भाजपा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है वहीं विपक्ष इसमें शामिल होना चाहता है।

गोयल टाइम्स नाउ शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। गोयल ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भाजपा के समर्पण को दोहराया, सिस्टम को साफ करने के लिए चल रहे प्रयासों पर जोर दिया। मंत्री ने कहा, हम अपने देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना चाहते हैं। वे (विपक्ष) अपना भ्रष्टाचार बचाना चाहते हैं, लेकिन हम इसे मिटाना चाहते हैं।' उन्होंने जो किया है उसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी।

कोयला मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए पीयूष गोयल ने कहा, जब मैं कोयला मंत्री था, तब मैंने कोयला फाइलें देखी थीं। कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए फैसले किसी की भी रातों की नींद उड़ा सकते हैं।

इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या भाजपा भविष्य में अरविंद केजरीवाल को पार्टी में शामिल करने पर विचार कर सकती है, पीयूष गोयल ने स्पष्ट रूप से कहा, जिन लोगों ने देश को लूटा है, जिन्होंने दिल्ली के लोगों से बड़े-बड़े दावे और वादे किए हैं और जनादेश को नीचा दिखाया है।

ऐसे लोगों का भाजपा में कभी भी स्वागत नहीं किया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों के कामकाज के बारे में, गोयल ने उनकी स्वतंत्रता और उनके जनादेश को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कानून के शासन को कायम रखने और भ्रष्टाचार से निपटने में इन एजेंसियों के महत्व को रेखांकित किया।

**केरल के लिए 15 उम्मीदवारों की घोषणा**

# माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए माकपा ने गुरुवार को 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी द्वारा एक्स पर साझा की गई सूची में केरल के लिए 15 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इनमें अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य ई। करीम शामिल हैं। माकपा ने मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम समेत बंगाल से 17 नामों की घोषणा की। पार्टी की राज्य इकाई ने नामों की घोषणा पहले ही कर दी थी। सूची में तमिलनाडु के लिए मदुरै से मौजूदा सांसद एस। वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर। सच्चिदानंदम के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी ने तेलंगाना की भोंगीर निर्वाचन क्षेत्र से मोहम्मद जहांगीर को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही माकपा ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान और त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।



### तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम शामिल

इस सूची में तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए एक-एक उम्मीदवार की भी घोषणा की।

### सपा ने 18 प्रचारकों की सूची जारी की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव सहित प्रोफेसर राम गोपाल यादव को भी स्टार प्रचारक बनाया है। इस सूची में डिंपल यादव, जया बच्चन, शाहिद मंजूर और महबूब अली को भी शामिल किया गया है। पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

# TMC ने पीएम की चुनाव आयोग से की शिकायत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने शिकायत दर्ज कराई है। टीएमसी ने चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ शिकायत कराई है। ये शिकायत आचार संहिता के उलंघन को लेकर कराई है। टीएमसी का आरोप है कि पीएम मोदी ने एक दिन पहले श्चिम बंगाल में कृष्णानगर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार 'राजमाता' अमृता रॉय से फोन पर बात की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि 3000 करोड़ रुपए की रिकवरी टीएमसी नेताओं से हुई है। ईडी ने पैसा रिकवर किया, उससे गरीब कल्याण योजना शुरू की जाएगी। ये गरीबों का पैसा है। पीएम मोदी ने बीजेपी प्रत्याशी से कहा था कि ये लीगल एडवाइज है।' टीएमसी इसी मामले को लेकर चुनाव आयोग के पास पहुंची है। इस मामले को लेकर टीएमसी ने कहा कि आचार संहिता लगे होने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इस तरह से किसी भी योजना को लागू करने की बात नहीं कह सकते हैं। बता दें कि एक दिन पहले ही कृष्णानगर लोकसभा सीट से बीजेपी की प्रत्याशी अमृता रॉय पीएम मोदी से फोन पर बात की थी। इसी दौरान ये बातें पीएम मोदी ने कही थीं। इसी सीट से बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ TMC की महुआ मोइत्रा भी मैदान में हैं। बीजेपी प्रत्याशी अमृता रॉय की शादी महाराजा कृष्णचंद्र रॉय के 39वें वंशज सौमिश चंद्र रॉय से हुई है।

## जरूरी खबर

### ईडी के सामने पेश नहीं हुईं टीएमसी नेत्री महुआ मोइत्रा



**कोलकाता।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा गुरुवार को भी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि वह अपने कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करेंगी। बता दें कि गुरुवार को ED ने महुआ को नई दिल्ली में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं दोपहर में कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार के लिए निकलूंगी। प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को ताजा समन जारी किया था।

### रेलमंत्री ने वैष्णव ने दिखाया बुलेट ट्रेन का खास ट्रैक

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए बन रहे खास तरह के ट्रैक की पहली झलक दिखाई है। अपने एक्स हैंडल से उन्होंने इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने देश के पहले बैलेस्टलेस ट्रैक की खूबियां बताईं। गुजरात-मुंबई के बीच बनने वाले इस ट्रैक के बारे में वीडियो में विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही एनिमेटेड तरीके से इसमें बुलेट ट्रेन के दौड़ने के दृश्य भी शामिल किए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मेक इन इंडिया के तहत बने ये ट्रैक बैलेस्टलेस हैं। वैष्णव ने बताया कि इस ट्रैक पर रफ्तार 320 किमी प्रतिघंटा तक होगी।

### एनजीटी ने खारिज की एसपीजी की याचिका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) द्वारा प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जरूरी तीन डीजल से चलने वाले विशेष बख्तरबंद वाहनों के पंजीकरण को बढ़ाने की मांग को खारिज कर दिया है। एनजीटी की मुख्य पीठ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल ने 22 मार्च के अपने आदेश में एसपीजी के आवेदन को खारिज कर दिया। उन्होंने इसे खारिज करने का कारण अक्तूबर 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बताया। जिसके तहत दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहनों के चलने पर रोक लगा दी गई थी।

## देश के नए फाइटर जेट तेजस एमके1ए की पहली सफल उड़ान





*नई दिल्ली। भारत के नए फाइटर जेट तेजस एमके1ए का गुरुवार को परीक्षण किया गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि तेजस Mk1A विमान श्रृंखला का पहला विमान LA5033 आज बेंगलुरु में आसमान में सफलतापूर्वक उड़ा। फाइटर जेट की 18 मिनट तक आकाश में उड़ता रहा। केंद्र सरकार ने 2021 में 83 उन्नत तेजस मार्क-1ए जेट के लिए 46,898 करोड़ रुपए का भारी-भरकम अनुबंध किया था। डिलिवरी मार्च 2024 से फरवरी 2028 के बीच की जानी है। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही दो तेजस स्क्वाड्रन, फ्लाइंग डैगर्स और फ्लाइंग बुलेट्स हैं, जिनमें से एक अब दक्षिण-पश्चिमी सेक्टर में तैनात है।*

### रानी दुर्गावती रिजर्व में बढ़ा बाघों का कुनबा



बांधवगढ़। टाइगर रिजर्व से बाघ-बाघिन के जोड़े को दमोह जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया है। बाघ-बाघिन के जोड़े को जंगल में छोड़ा गया। इन बाघों को उस स्थान पर छोड़ा गया है, जहां अब तक किसी भी बाघ ने ठिकाना नहीं बनाया था। इसके साथ ही अब रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। पूरा जंगल इस समय बाघों की दहाड़ से गूंज रहा है। बाघ-बाघिन पूरी तरह स्वस्थ है और नए माहौल में ढल रहे हैं। बाघ को एन-4 और बाघिन को एन-5 नाम दिया गया है। ये दोनों टाइगर बांधवगढ़ के बाहर एंक्लोजर में काफी दिनों से रह रहे थे। जिनका सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर विशेष वाहन से भेजा गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से इसके पहले भी कई नर और मादा बाघ को देश के अलग-अलग टाइगर रिजर्व में भेजे गए हैं।

**शराब घोटाला:** दिल्ली के मुख्यमंत्री को कोर्ट से नहीं मिली राहत

# अरविंद केजरीवाल एक अप्रैल तक रहेंगे ईडी की हिरासत में

- ईडी ने कहा- जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं सीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की रिमांड एक अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। उनकी 6 दिन की रिमांड आज खत्म हो रही थी। आज उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। लेकिन कोर्ट ने उनकी रिमांड की अवधि एक अप्रैल तक बढ़ा दी। अब उन्हें एक अप्रैल को 11.30 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले ईडी ने केजरीवाल की और सात दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि मामले से जुड़े कुछ लोगों से उनका आमना-सामना कराने की जरूरत है। ईडी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं और अपने डिजिटल उपकरणों के पासवर्ड का खुलासा नहीं कर रहे हैं। ईडी ने रिमांड मांगते हुए कहा कि एक मोबाइल का डेटा निकाला गया है और उसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालाँकि, 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल के परिसर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए अन्य 4 डिजिटल उपकरणों का डेटा अभी तक नहीं निकाला जा सका है क्योंकि उन्होंने अपने वकीलों से परामर्श करने के बाद पासवर्ड/लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान करने के लिए समय मांगा है।



### अमेरिका के बयान पर भारत का कड़ा रुख

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने पर अमेरिकी टिप्पणी के बाद भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया था। जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी दूसरे देश के टिप्पणी का कोई औचित्य ही नहीं है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणधीर जयसवाल ने कहा कि बुधवार को भारत ने अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष की गई टिप्पणियों के संबंध में अपनी कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया है। अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया बयान अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर कोई भी बाह्य आरोप पूरी तरह अस्वीकार्य है। रणधीर जयसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं।

### केजरीवाल ने दी दलील

केजरीवाल ने अपनी दलील में कहा, आबकारी नीति मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए चार बयान पर्याप्त हैं?" केजरीवाल ने आरोप लगाया कि शरत चंद्र रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे पास इसके सबूत हैं। लेन देन साबित हो चुका है क्योंकि उन्होंने (रेड्डी) गिरफ्तारी के बाद धनराशि दान की थी।" रेड्डी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड के निदेशक हैं और मामले में सह-आरोपी से सरकारी गवाह बने लोगों में से एक हैं। केजरीवाल ने कहा कि देश के सामने आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की गई है और वह ईडी की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी ने इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बाद में अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जांच में सहयोग करना चाहते हैं लेकिन ईडी के आधारों पर नहीं, जिसके लिए एजेंसी उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध कर रही है।

### ईडी मेरे पति को परेशान कर रहा: सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाला मामले में गुरुवार को कोर्ट से राहत नहीं मिली और उन्हें एक अप्रैल तक ईडी की रिमांड में भेजा दिया गया। कोर्ट के फैसले के बाद बाहर आईं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मीडिया से कहा कि ईडी उन्हें बहुत परेशान कर रही है।



उनकी तबियत बहुत खराब है। आगे उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को बहुत परेशान किया जा रहा है, जनता इसका जवाब देगी। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि आपने कहा था कि केजरीवाल आज कोर्ट में बड़ा खुलासा करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ नहीं कहा और कोर्ट से बाहर चली गईं।

### राजनीतिक साजिश का जनता जवाब देगी

मामले की सुनवाई के लिए जब केजरीवाल को कोर्ट रूम में ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है।" इस दौरान अदालत में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज के साथ ही मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी थीं। केजरीवाल ने कहा, यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता जवाब देगी।"

**भारत की सीमाएं** पूरी तरह सुरक्षित

## सेना पर भरोसा बनाए रखें जनता: रक्षामंत्री

एजेंसी | नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। एक कार्यक्रम के दौरान अग्निवीर योजना की आलोचना के एक सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लं

बे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। यह पूछे जाने पर कि भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने क्या प्रतिक्रिया दी, सिंह ने कहा कि वे कभी उनसे परेशान नहीं हुए। सिंह ने कहा, देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं उन्हें (विपक्षी दलों को) जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं। लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है और हम उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकते।

हम उन चीजों को बताने से बचने की कोशिश करते हैं, चाहे वह उत्तरी, पश्चिमी या पूर्वी क्षेत्र (के बारे में) हो या कुछ और। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं...उन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से गतिरोध है। वहीं, दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सिंह ने कहा, मैंने जो देखा, समझा और आकलन किया, उसके आधार पर मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सीमाएं और हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है।

पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव उत्पन्न हो गया।

गलवान घाटी की झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की।

**बशीरहाट की अदालत का फैसला**

## शेख को 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में

- पश्चिम बंगाल के एक पूर्व मंत्री को गिरफ्तार किया गया

एजेंसी | कोलकाता



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को रिमांड पर भेज दिया। जनवरी में इसी जिले के संदेशखाली में जांच करने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला हुआ था।

ईडी अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में गुरुवार को शाहजहां शेख को बशीरहाट में प्रथम अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने शेख और दो अन्य को 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि शाहजहां शेख 6 मार्च से सीबीआई की हिरासत में हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच को राज्य पुलिस से लेकर केंद्रीय एजेंसी- सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया था। बता दें कि ईडी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में शाहजहां शेख सहित कई अधिकारी कथित राशन वितरण घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी की रडार पर हैं।

जांच के सिलसिले में बीते 5 जनवरी को ईडी के अधिकारी संदेशखाली में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए थे। जांच एजेंसियों ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के एक पूर्व मंत्री को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि संदेशखाली में यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के मामले में भी मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 55 दिनों तक भागने के बाद बीते 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

**CJI को वकीलों के पत्र पर बोले पीएम**

# दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को देशभर के प्रमुख वकीलों ने पत्र लिखा है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर पत्र की कॉपी को रिपोस्ट कर लिखा है कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लगभग 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, पांच दशक पहले ही कांग्रेस पार्टी ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का जिक्र किया था। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचती है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।



### सीजेआई को 600 वकीलों ने लिखा पत्र

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के बयान से पहले देशभर के लगभग 600 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा। पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सरीखे कद्दावर अधिवक्ताओं के नाम शामिल हैं। इन वकीलों ने चिट्ठी में न्यापालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर चिंता जताई है। इन वकीलों का कहना है कि कुछ 'खास समूह' न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और कोर्ट के फैसलों पर असर डाल रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक रूप से फायदा लेने के लिए ऐसा करते हैं। सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के केस में दबाव का इस्तेमाल करने की कोशिश की जाती है।

### कुछ वकीलों ने की जजों को प्रभावित करने की कोशिश

आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए गए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि वे दिन में नेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के जरिए जजों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। न्यायपालिका पर खतरा राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना' शीर्षक वाली इस चिट्ठी में 600 से ज्यादा वकीलों के नाम हैं। इनमें आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी जैसे अन्य प्रमुख नाम भी शामिल हैं।

## राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुआ जयपुर में मैच

# पिंक सिटी के क्रिकेट दीवानों ने... रॉयल टीम को किया चीयर

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स पर एक बार फिर फटाफट क्रिकेट का रोमांच छाया रहा और हर उम्र के लोगों ने जयपुर में हुए आईपीएल मैच में अपनी टीम राजस्थान रॉयल को चीयर किया। राजस्थान-दिल्ली के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में नाइट मैच होने से क्रिकेट प्रेमी उत्साहित रहे और फेमिली, दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ मैच देखने पहुंचे। सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा ने भी परिवार के साथ मैच का आनंद उठाया।







फोटो: पंकज शर्मा

### रॉयल्स की ऐवरज शुरुआत

इंडियन प्रीमियर लीग के 9वें मैच के दौरान दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है और रॉयल्स रन बनाने उतरे। इस दौरान रॉयल्स की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रहकर ऐवरज रही। अपने चेहते क्रिकेटर्स को देखने के लिए दिल्ली के फेंस भी स्टेडियम में मौजूद रहे।

### डीजे पर झूमे फेंस


इस दौरान पूरा स्टेडियम खचाखच भरा रहा और डीजे व एंकर की बातों में जयपुराइट्स मेच को एंजॉय करते नजर आए। इसके बाद जैसे-जैसे डीजें की धुनें तेज होती युवा भी डांस ओर चीयरअप करते रहते। दूसरी ओर एंकर ने भी रॉयल्स के लिए जयपुराइट्स से हूटिंग कराई।

## विनर्स की क्राउनिंग 31 को



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में 31 मार्च को जेएलएन मार्ग स्थित होटल ग्रैंड उनियारा में इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट 'दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स 2024' की विजेता प्रतिभागियों की क्राउनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में देश भर की सुंदरियों के बीच मुकाबले में टॉप पर पहुंची 10 पार्टिसिपेंट्स के सिर ताज पहनाकर उन्हें विभिन्न टाइटल्स से नवाजा जाएगा। पांच सौंदर्य प्रतियोगिताओं की घोषणा भी की जाएगी। नरेश मदान और एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ. आशीष गौड़ ने बताया कि चुनिंदा प्रतिभागियों का ऑनलाइन प्रोसेस से चयन किया गया है, जिनकी 2 दिन तक ग्रूमिंग के बाद सभी फाइनलिस्ट को 31 मार्च 2024 को होटल ग्रैंड उनियारा में होने वाली क्राउनिंग सेरेमनी में ताज पहनाने के साथ ही विभिन्न टाइटल्स से सम्मानित किया जाएगा।

## एचिंग प्रिंट कार्यशाला 1 से



**बेधड़क. जयपुर।** कलात्मक विधाओं के संरक्षण और संवर्द्धन के उद्देश्य से जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से एचिंग प्रिंट कार्यशाला का आयोजन 1 से 8 अप्रैल तक ग्राफिक स्टूडियो-1, 2 में होगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के ड्राइंग और पैंटिंग विभाग में एसोसिएट प्रो. व कोर्स कॉर्डिनेटर अमिता राज गोयल प्रशिक्षक रहेंगी। 16 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं।

## तमाशा गोपीचंद भर्तृहरी 8 को



**बेधड़क. जयपुर।** भट्ट परिवार की रियासतकाल से चली आ रही लोक नाट्य तमाशा शैली परम्परा का प्रदर्शन तमाशा गोपीचंद भर्तृहरी का 8 अप्रैल को अंबकेश्वर महादेव मंदिर में दिलीप भट्ट के निर्देशन में होगा। प्रस्तुति परम्परा नाट्य समिति व तमाशा प्रबंधकारिणी समिति आमेर द्वारा पेश किया जाएगा, जो तमाशा कलाकार गोपीजी भट्ट को समर्पित होगा। कार्यक्रम संयोजक सचिन भट्ट ने बताया कि यह पारंपरिक परम्परा 250 वर्ष पुरानी लोक नाट्य शैली है।

## City इवेंट्स

### भक्ति संगीत में मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**बेधड़क. जयपुर।** डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के साथ रामकृष्ण मिशन जयपुर व वेस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में 'स्तुति, ओड टू म्यूजिकल ट्रेडिशन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कलाकारों ने लंगा और मांगणियार गायन शैली में राम-सिया व राधा कृष्ण के सुरीले भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। रामकृष्ण मिशन मंदिर के सभागार में पंडित प्रवीण कुमार आर्या द्वारा प्रस्तुत पखावज वादन खास रहा।

### सराफ ने रवाना की साइकिल यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** टीम मोदी सपोटर एसोसिएशन के राष्ट्रीय विधि सलाहकार एडवोकेट अतुल चतुर्वेदी व परशुराम सेवा जयपुर शहर उपाध्यक्ष मनोज शर्मा की ओर से जयपुर से रामेश्वरम धाम तक निकाली जा रही साइकिल यात्रा को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि यात्रा देश के ग्राम-ग्राम ढाणी-ढाणी, तहसील, जिलों व विभिन्न राज्यों में अभियान के रूप में है। यात्रा का शुभारंभ महात्मा गांधी सर्किल से किया गया। यात्रा जयपुर से प्रारंभ होकर कोटा, उज्जैन, इंदौर, ओंमकारेश्वर, खंडवा, सेलू, परली, बैजनाथ, लातूर, रायचूर, अन्नतापुर, बेंगलूर, सलेम, त्रिरुचिरापल्ली, कराईकुड़ी होते हुए रामेश्वर धाम तक संपूर्ण भारत में कैंपेन करेगी।

### आचार्य सुनील सागर का मंगल प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** वैशाली नगर के नर्सरी सर्कल स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में नवनिर्मित जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शुरू हुआ। घटयात्रा, ध्वजारोहण सहित अनेक कार्यक्रम हुए। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति अध्यक्ष गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि गर्भकल्याणक पूर्वाद्ध की क्रियाएं हुई, जिसके तहत जिनेंन्द्र दर्शन, प्रार्थना, शांति जाप्य व श्रीजी की शांतिधारा के बाद जल पूजन किया गया। इसके बाद बैंडबाजों के बीच 1008 महिलाओं ने घटयात्रा निकाली। यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल जनकपुरी पैराडाइज में बने कुंडलपुरी नगरी जाकर समाप्त हुई। इधर, आचार्य ने महोत्सव के लिए वैशाली नगर में मंगल प्रवेश किया।

## मरुधरा हाफ मैराथन को युवाओं ने किया एंजॉय

# रनर्स ने 21 किलोमीटर रन में मनाई होली की खुशियां




**बेधड़क | जयपुर**

मरुधरा हाफ मैराथन की शुरुआत सीतापुरा से होकर आस-पास के क्षेत्र में दौड़कर शुरुआती पॉइंट सीतापुरा पर समाप्त हुई और युवाओं ने मरुधरा हाफ मैराथन को अपने-अपने अंदाज में एंजॉय किया। 21 किलोमीटर में जयपुर राइट्स दौड़े।

3 कैटेगरी में रन का आयोजन हुआ, जिसमें 21 किलोमीटर 10 और 5 किलोमीटर रही। 21 किलोमीटर रन में सीतापुरा को कवर किया। रनर्स उगते सूरज के साथ पूरे जोश के साथ होली के रंगों के साथ में दौड़ते नजर आए। रनर्स वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने 21 किलोमीटर रन में दौड़े, जो 2 घंटे 18 मिनट में पूरी हुई। रनर्स में टांक के साथ सुनील जैन, आलोक शर्मा, राहुल अग्रवाल, सुरेन्द्र, निकिता, भावना, प्रगति, निकिता, पूजा, रेणुका, चंद्रिका, दीपक, सुनील गोड, निशांत शर्मा ने मैराथन में भाग लिया। मैराथन में स्वस्थ जागरूकता का संदेश दिया और सभी को मेडल देकर सम्मानित किया। मैराथन पूरी होने के बाद सभी ने एक साथ फूलों की होली खेली।

इस दौरान हर उम्र के लोग होली के रंगों में नजर आए। सभी ने एक-दूसरे को होली की विशेज देते हुए खुशियां मनाते हुए ग्रुप फोटोग्राफी सेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान स्पोर्ट्स वियर के साथ ही ट्रेडिशनल वियर में जयपुराइट्स आए।

## NDFF में नवाजी गई देश विदेश की फिल्में

# 300 फिल्मकारों के हाथों में इंटरनेशनल कैम्पेन की टॉर्च



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल (जिफ) ट्रस्ट की ओर से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली से सिनेमा के लिए 'इंटरनेशनल टॉर्च कैम्पेन' की शुरुआत की गई।

इसकी शुरुआत जिफ के फाउंडर डायरेक्टर ने टॉर्च जलाकर देश-विदेश से आए 300 फिल्मकारों के हाथों में सौंपी। इस अवसर पर चिली के राजदूत-जुआन अंगुलो, नई दिल्ली फिल्म फेस्टीवल निदेशक सतीश कपूर, मानद निदेशक एयर मार्शल नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे। टॉर्च कैम्पेन की शुरुआत 2022 में गुवाहाटी से 'जिफ भारतीय फिल्म पैनोरमा' के रूप में इंडियन रीजनल सिनेमा की पहचान स्थापित करने के लिए की गई थी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निर्माताओं, फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, अभिनेत्रियों और फिल्म उद्योग के लोगों ने भाग लिया। कोलकाता में टॉर्च कैम्पेन के दौरान फिल्मकार गौतम घोष ने कहा कि कभी-कभी कोई सिनेमा अंतरराष्ट्रीय सिनेमा बन जाता है। ये कैम्पेन इसी अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की खोज के लिए है। ऐसे में अब दिल्ली से भारतीय और विश्व सिनेमा के लिए कैम्पेन की शुरुआत की गई है, जो नई दिल्ली से हैदराबाद, त्रिवेंद्रम होते हुए ईरान, चायना, फ्रांस, जर्मनी, जापान, साउथ कोरिया, इंगलैंड, कनाडा, अमेरिका के साथ दुनिया में जाएगा।

**स्टाइल वॉक** स्टाइल वॉक में फैशन डिजाइनर्स द्वारा तैयार कॉकटेल कलेक्शन होगा आकर्षण

# गुलाबी नगरी में सेलिब्रिटी और मैनेजर्स लगाएंगे चौके-छक्के

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी का समर सीजन क्रिकेट और फैशन के रंगों से सराबार होगा और सेलिब्रिटीज के साथ दूसरे के आयोजनों को सफल और कलरफुल बनाने वाले चौके-छक्के मारेंगे। क्रिकेट और फैशन का यह कोम्बो जयपुर में देखने को मिलेगा। नजारा होगा 30 मार्च को फेयरमोंट होटल में ईएमसीएल स्टाइल वॉक 2024 का। 30 मार्च से 4 अप्रैल को भांकरोटा स्थित संस्कार स्पोर्ट्स अकादमी में इवेंट मैनेजर्स क्रिकेट लीग-2024 होगी। इसके लिए मॉडल्स ने लॉन्चिंग सेरेमनी में शोकेस होने वाले डिजाइनर वियर की फर्स्ट लुक शोकेस किया। कार्यक्रम पूर्व रणजी प्लेयर स्वर्गीय संजीव ओहलान और सीनियर एंकर स्वर्गीय मन पारीक को समर्पित होगा।



### कप्तानों ने शेयर किए एक्सपीरियंस

ईएमसीएल फाउंडर रवि यादव, डायरेक्टर अंकित मुद्गल, मैप्सर वॉरियर्स से पार्थ, फोरम रॉयल्स से विनीत जैन, टाइगर्स जेसी और मेंटर जितेश चावला, ऑल स्टार ईएमसीएल दलजीत सिंह, एयर स्काय हॉक्स डॉ. वीरेन सिंह, फेयरमोंट रेफल्स जयपुर विक्रम सिंह, आईपीसीए डेयरडेविल्स शिवान शर्मा, नक्षत्र बुल्स श्रीयांश जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी

### ईएमसीएल स्टाइल वॉक से होगी शुरुआत

रवि यादव ने बताया कि 8 दिवसीय आयोजन की शुरुआत फैशन शो 'ईएमसीएल स्टाइल वॉक 2024' के साथ की जाएगी। 30 मार्च से होने जा रहे मैचेज में टीम फेयरमोंट रफेल जयपुर, टाइगरस जेसी 2, नक्षत्र बुल्स, फोरम रॉयल्स, स्काय हॉक्स, आईपीसीए डेयर डेविल्स, मेप्सोर वॉरियर्स और ऑल स्टार ईएमसीएल टीम्स भाग लेंगी।

### न्यू ग्लैमरस ट्रेंड्स रहेंगे आकर्षण

शो में फैशन के समावेश के बारे में शुभम चक्रवर्ती ने बताया कि लॉन्चिंग शो में मॉडल्स 4 फैशन राउंड्स में नए ट्रेंड्ज को शो का आकर्षण बनाएंगी। मॉडल्स के साथ सभी टीमों के कप्तान रैंप पर वॉक करेंगे। डिजाइनर्स द्वारा तैयार किए गए 2024 के ट्रेंड्स में रहने वाले इंडो-वेस्टर्न व कॉकटेल्स पार्टी वियर परिधानों को शोकेस करेंगे। वहीं ट्रेंड में शामिल मेकअप और हेयर ड्रूज को वशिका सेठी द्वारा प्रस्तुत किए जाएगा।

किताबें ऐसी शिक्षक हैं, जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



एक साथ 13 हथियार ले जाने में सक्षम है ईरान का नवविकसित ड्रोन

# इजराइल की धड़कनें बढ़ा रहा ईरान का 'गाजा'



**एजेंसी | दोहा**

ईरान के नए ड्रोन ने इजराइल की नींद उड़ा दी हैं। ईरान के इस नए ड्रोन का नाम है 'गाजा'। गाजा उस जगह का नाम है जहां इजराइल लंबे समय से बम बरसा रहा है। ईरान का दावा है कि उसका गाजा ड्रोन 13 बम ले जा सकता है। यह एक टर्बोजेट इंजन से लैस है जो कथित तौर पर इसे हजारों किमी से ज्यादा की दूरी तक ले जा सकता है। ईरान के इस ड्रोन ने अब इजरायल की टेंशन बढ़ा दी है। यह नया ड्रोन शहीद 129 मॉडल का अपग्रेड वर्जन है, जिसे पहली बार सितंबर 2012 में ईरान ने दुनिया के सामने रखा था। यह इजरायल के हर्मीस 450 यूएवी की तरह दिखता है, लेकिन आकार में बड़ा है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा ड्रोन आठ से ज्यादा बम ले जा सकता है। यह चलते हुए और रुके हुए टार्गेट पर निशाना लगाने में सक्षम है। गाजा ड्रोन सादिद-1 मिसाइल ले जाने में सक्षम है। करार ड्रोन के बाद यह ईरान का दूसरा ड्रोन है जो इस मिसाइल को ले जा सकता है।

## अमेरिका की भी बढ़ी चिंता

प्रतिबंधों के हटने के बाद से ईरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने शैन्य शस्त्रागार की तेजी से मार्केटिंग कर रहा है। इससे अमेरिका और उसके सहयोगियों की चिंता बढ़ गई है। ईरान लंबे समय से मध्य पूर्व में अपने सहयोगियों को समर्थन देने के लिए हथियार देता रहा है। ईरान के हथियार भी अमेरिका के साथ उसके टकराव का कारण हैं। ईरान के समर्थन वाले लड़ाकों ने जॉर्डन में ड्रोन से हमला किया था। इसमें अमेरिकी सेना के तीन सैनिकों की मौत हुई थी।

## क्वालिटी औसत पर कीमत आधी

रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने हाल ही में रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें बेचने से जुड़ा समझौता किया है। इसके अलावा सूडानी सरकार को भी ड्रोन बेचा। सूडान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ईरानी ड्रोन की अपने प्रतिस्पर्धियों से तुलना करते हुए कहा, 'गुणवत्ता औसत दर्जे की है, लेकिन इसकी कीमत आधी है।' कतर की राजधानी दोहा में ईरान के गाजा ड्रोन का मॉडल रखा गया। ईरान का नया ड्रोन अमेरिका के MQ-9 रीपर ड्रोन से आगे निकलने की एक कोशिश है, जिसका इस्तेमाल 2020 में कासिम सुलेमानी को खत्म करने के लिए किया गया था।

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले जारी

# भाग रही चीनी कंपनियां

**एजेंसी | इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार को एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। वहीं, इस हमले के बाद पाकिस्तान में काम कर रही चीनी कंपनियों में डर का माहौल है। चीन सहमा हुआ है। इस आत्मघाती हमले के दो दिन के बाद एक चीनी कंपनी ने अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा में एक अन्य जलविद्युत परियोजना को बंद कर दिया है। इस परियोजना में काम कर सैकड़ों श्रमिकों को भी नौकरी से निकाल दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, चीनी कंपनी, पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चाइना (PCCC) ने शांगला जिले में आत्मघाती हमले में चीनी नागरिकों की मौत के बाद केपी प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला 5वीं एक्सटेंशन हाइड्रोपावर परियोजना में सिविल कार्यों को निलंबित कर दिया है और 2000 से अधिक श्रमिकों को निकाल दिया है। पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने आपात कार्य शुरू कर दिया है और पाकिस्तानी पक्ष से हमले की गहन जांच करने, दोषियों को कठोर सजा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक और प्रभावी उपाय करने की मांग की है।



## सुरक्षा कारणों का दिया हवाला

देश में मंगलवार को हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी किसी भी आतंकी संगठन ने नहीं ली है। वहीं, पीसीसीसी के प्रबंधक ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन भी जारी किया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, परियोजना के साइट कर्मचारियों और कार्यालय स्टाफ सदस्यों को सुरक्षा कारणों से अगले आदेश तक के लिए हटा दिया गया है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है, जब पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमला हुआ हो। इससे पहले चीनी नागरिकों पर हमला 14 जुलाई, 2021 को कोहिस्तान में दासू बांध स्थल के पास किया गया था, जिसमें नौ चीनी इंजीनियरों और चार पाकिस्तानी श्रमिकों की मौत हो गई थी।

भारत से संबंध बिगड़े तो चीन ने की किल्लत में मदद

# मालदीव पहुंचा 1500 टन 'तिब्बती' पानी

**एजेंसी | माले**

चीन ने मालदीव को 1500 टन पीने का पानी भेजा है। मालदीव सरकार ने मंगलवार को कहा कि पानी की भारी कमी के बीच तिब्बत में ग्लेशियरों से एकत्र पानी माले पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मालदीव को पीने का पानी उपलब्ध कराने का निर्णय चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के अध्यक्ष यान जिनहाई की मालदीव की यात्रा के दौरान किया गया था। उन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की थी। उस दौरान कहा गया था कि हिमनद क्षेत्रों से एकत्र पानी उन्हें दिया जाए। यह अत्यधिक स्वच्छ और खनिजों से भरपूर होता है।



मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही मालदीव का झुकाव चीन की ओर रहा है। मालदीव की इससे पहले की सरकार भारत समर्थित थी। भारत ने जरूरत के वक्त मालदीव की आगे बढ़कर मदद की थी। दिसंबर 2014 के दौरान जब पानी की भारी किल्लत हो गई थी, तो भारत ने तुरंत एयरक्राफ्ट के माध्यम से मालदीव को पानी पहुंचाया था। बाद में और भी मदद भेजी गई थी।




# 700 कैदियों के बदले छूटेंगे 40 इजराइली

**एजेंसी | तेल अवीव**

इजराइल ने अपने बंधकों की रिहाई के बदले फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ने की डील पर सहमति जता दी है। अमेरिका की ओर से इजराइल के सामने ये प्रस्ताव रखा गया था, जिस पर वह राजी हो गया है। इस प्रस्ताव में हमास की ओर से गाजा में बंधक बनाए गए 40 इजराइली नागरिकों को छोड़ा जाएगा।

बदले में इजराइल सरकार अपनी जेलों में बंद 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगी। इनमें इजरायली नागरिकों की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे 100 कैदी भी शामिल हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीआईए निदेशक बिल बर्न्स ने इजराइली अफसरों के सामने प्रस्ताव रखा था, जिस पर वह सहमत हो गए। बर्न्स हाल ही में दोहा, कतर में थे, जहां हमास और इजरायल मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत हुई। हालांकि इस समझौते को हमास की ओर से अभी मंजूरी नहीं मिली है। हमास को समझौते पर प्रतिक्रिया देने में तीन दिन लग सकते हैं।

बदल रहा पृथ्वी का घूमने का तरीका

# सबकी जिंदगी से घट जाएगा एक सेकंड

■ बर्फ पिघलने के कारण बदला पैटर्न

**एजेंसी | वाशिंगटन**

आने वाले कुछ सालों में दुनिया में हर कोई अपने समय का एक सेकेंड खो देगा। एक नए अध्ययन के अनुसार, वास्तव में ऐसा कब होगा, यह इंसानों पर ही निर्भर करता है। इसकी वजह ध्रुवीय बर्फ के पिघलने से पृथ्वी का घूमना बदल जाने के साथ समय बदल जाना है। हमारे दिन निर्धारित करने वाले घंटे और मिनट पृथ्वी के घूमने पर निर्धारित होते हैं लेकिन वह स्थिर नहीं है। यह पृथ्वी की सतह और उसके पिघले हुए कोर से बदलता है तो इसके आधार पर समय भी थोड़ा बदल सकता है। इन बहुत मामूली परिवर्तनों का मतलब होता है कि दुनिया की घड़ियों को लीप सेकेंड द्वारा समायोजित करने की आवश्यकता होगी, जो छोटा लग सकता है लेकिन कंप्यूटिंग सिस्टम पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है।



## ग्लोबल वार्मिंग बन रही वजह

कैलिफोर्निया सैन डिएगो विश्वविद्यालय में भूभौतिकी के रिसर्च लेखक डंकन एग्न्यू का कहना है कि यह पता लगाने का एक हिस्सा कि वैश्विक टाइमकीपिंग में क्या होने वाला है, यह समझने पर निर्भर है कि ग्लोबल वार्मिंग प्रभाव के साथ क्या हो रहा है। 1955 से पहले एक सेकेंड को तारों के संबंध में पृथ्वी द्वारा एक बार घूमने में लगने वाले समय के एक विशिष्ट अंश के रूप में परिभाषित किया गया था। 1960 के दशक में दुनिया ने समय क्षेत्र निर्धारित करने के लिए समन्वित सार्वभौमिक समय (यूटीसी) का उपयोग करना शुरू कर दिया। धरती की घूर्णन गति स्थिर नहीं है, इसलिए दोनों समयमान धीरे-धीरे अलग हो जाते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें वापस संरेखण में लाने के लिए समय-समय पर एक लीप सेकंड जोड़ा जाना चाहिए।

## तो गड़बड़ा जाएगा कंप्यूटिंग सिस्टम

इस अध्ययन के अनुसार, जो स्पष्ट है, वह यह है कि ध्रुवीय बर्फ के पिघलने का धीमा प्रभाव पड़ने के बावजूद, कुल मिलाकर पृथ्वी का घूर्णन तेज हो रहा है। इसका मतलब है कि दुनिया को जल्द ही पहली बार एक सेकंड घटाने की जरूरत पड़ेगी। एग्न्यू ने कहा, "एक सेकेंड ज्यादा नहीं लगता है, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज लेनदेन जैसी गतिविधियों के लिए स्थापित कंप्यूटिंग सिस्टम को एक सेकंड के हजारवें हिस्से तक सटीक होना आवश्यक है। कई कंप्यूटर प्रणालियों में सॉफ्टवेयर होता है जो उन्हें एक सेकंड जोड़ने में सक्षम बनाता है। एग्न्यू ने कहा कि किसी ने भी यह अनुमान नहीं लगाया था कि पृथ्वी इतनी तेज़ हो जाएगी कि हमें एक लीप सेकेंड हटाना पड़ेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl